प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

सोमवार 24 जून 2024

● वर्ष 02 ● अंक 135

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2023

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

# सभी के साथ और भागीदारी से झारखंड बनेगा अव्वल राज्य : चंपई सोरेन

## मुख्यमंत्री ने किया घाटशिला स्थित मऊभंडार में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण








**जमशेदपुर।**

झारखंड को संवारना है। इस राज्य को नई दिशा देना है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे।

● **राज्य की जनता को देने जा रहे हैं कई नई योजनाओं की सौगात**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को हमारी सरकार कई नई सौगात देने जा रही है। अब बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगा। वहीं, 25 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम उम्र की बहनों और बेटियों को सरकार आर्थिक सहायता देने जा रही है। किसानों के दो लाख रुपए तक का कृषि लोन माफ करने का भी निर्णय सरकार ने लिया है। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने का प्रयास हो रहा है।

● **विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच विकास को दे रहे गति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं। आप इस बात से वाकिफ हैं कि सरकार गठन के साथ कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सामना करना पड़ा। ऐसे हालत में भी हमारी सरकार ने जीवन और जीविका के लिए बेहतरीन कार्य किया। इसके बाद जब विकास को गति गति देने की शुरुआत हुई तो कई विपरीत परिस्थितियां आ खड़ी हुई। लेकिन, इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए हम विकास को लगातार गति देने का काम कर रहे हैं ।

● **गरीबों के पक्का मकान होने के सपने को कर रहे सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि इस राज्य में कोई भी व्यक्ति मिट्टी का कच्चा घर या झुग्गी झोपड़ी पर रहने को मजबूर नही रहे। सबके पास अपना पक्का मकान हो यह राज्य सरकार का लक्ष्य है।

● **यह आपकी सरकार है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपकी भावनाओं, उम्मीदों और आकांक्षाओ को पूरा करने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में ₹आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार₹ कार्यक्रम के जरिए सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम आगे भी चलाया जाएगा, क्योंकि जनता से जुड़कर हम राज्य को नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

● **राज्य के आधारभूत संरचना के साथ हर सेक्टर का कर रहे सर्वांगीण विकास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बना रहे हैं। लगभग 15 हज़ार किलोमीटर लंबी सड़के बना रही हैं । वहीं सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार समेत सभी सभी सेक्टर की व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम हो रहा है। लोगों को आगे बढ़ने के लिए के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर देने का प्रयास जारी है। खेतों में सालों भर पानी रहे, इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। राज्य में स्थित निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय को नौकरी देने का कानून सरकार ने बनाया है। अब अभियान चलाकर यहां के युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलाई जाएगी। शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बना रहे हैं। यहां के गरीब बच्चे भी इंजीनियर डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना समेत कई और योजनाएं चल रही है। इन तमाम योजनाओं के माध्यम से यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, गरीब, मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, युवा हर किसी को सशक्त करने का प्रयास निरंतर जारी है।

● **राज्य के पिछड़ापन को दूर करने का संकल्प**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक और खनिज संसाधनों के मामले में काफी धनी है। यहां कोयला, तांबा, लोहा, सोना और यूरेनियम समेत कई खनिज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इस राज्य की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है । यहां के लोग गरीबी और अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों ने झारखंड अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया था। अलग राज्य की लड़ाई में कई आंदोलनकारी शहीद हुए थे। लेकिन अलग राज्य बनने के बाद उनके सपनों का झारखंड नहीं बन सका, लेकिन हमारी सरकार इस राज्य के आंदोलनकारियों और यहां की जनता की भावनाओं के अनुरोध राज्य का नवनिर्माण करने की दिशा में मजबूती कदम बढ़ा दिए हैं।

● **कई योजनाओं का मिला तोहफा**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 79 लाख 99 हज़ार 980 रुपए की 2141 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इसमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हज़ार 580 रुपए की 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ 91 लाख 55 हज़ार 400 रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के 20, 484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख 4 हज़ार 200 रुपए की परिसम्पतियों का वितरण किया।

इस कार्यक्रम में विधायक श्री रामदास सोरेन, विधायक श्री समीर मोहंती , विधायक श्री संजीव सरदार, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री हिदायतुल्लाह खान, झारखंड गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री राजू गिरि , जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष श्री मोहन कर्मकार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अरवा राजकमल, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त श्री हरि कुमार केशरी तथा जिले के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# मां और प्रकृति दोनो जीवन के आधार: शिवराज सिंह

## पर्यावरण की रक्षा के बिना आत्म निर्भर भारत का संकल्प अधूरा: बाबूलाल मरांडी




**रांची।**

रविवार को प्रदेश भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के रूप में मनाया गया।

अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री एवम भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर परिसर नामकुम में वृक्षारोपण किया।

उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनो जीवन के आधार हैं। दोनो के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण केलिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री जी के आहवान पर कार्यकर्ता 23जून से 6जुलाई तक लाखों पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि प्रकृति भी मां के समान है। कहा कि कि प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लें और समाज के हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित भी करें।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज दुनिया की प्राथमिकता है। दुनिया बढ़ती गर्मी से परेशान है।

उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत भी बनाना है और पर्यावरण को भी स्वस्थ करना है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,केंद्रीय मंत्री संजय सेठ निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारियों,विधायक सांसद गण ने भी विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया।

## केंद्र सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# सीबीआई करेगी नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच



**नई दिल्ली/एजेंसी**

शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 5 मई 2024 को ओएमआर मोड में एनईईटी (यूजी) परीक्षा आयोजित की थी। जिसमें अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है।

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 भी लागू किया है। सरकार का कहना है कि वह परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पेपर लीक में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल केंद्र सरकार ने शनिवार को स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनईईटी परीक्षा के संबंध में कथित अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है। नीट पर-ीक्षा 5 मई को देश के 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने इसमें भाग लिया था। परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। परिणाम के तुरंत बाद प्रश्न पत्र लीक के आरोप लगाए गए, क्योंकि 67 से अधिक छात्रों ने अधिकतम अंक हासिल किए, जिनमें से कुछ एक ही परीक्षा केंद्रों से आए थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में बिहार में अनियमितताएं और पेपर लीक का पता चला, और कुछ उम्मीदवार भी सार्वजनिक रूप से आगे आए और दावा किया कि उन्हें परीक्षा की पूर्व संध्या पर प्रश्न पत्र मिले थे।

## संजीव मुखिया का राइट हैंड है चिंटू जिसका काम- पेपर आउट कराना..

**पटना/एजेंसी**

नीट पेपर लीक केस से पूरा देश हिल गया है. यह मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है. मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. जिसमें कई बड़े खुलासे हुए हैं. इन्हीं आरोपियों में से एक है झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया गया चिंटू. जिसका काम पेपर आउट कराना है. नीट पेपर की आंसर शीट भी चिंटू के मोबाइल पर ही सबसे पहले आई थी. नीट पेपर लीक कांड में झारखंड के देवघर से चिंटू उर्फ सिंटू उर्फ बलदेव को गिरफ्तार किया गया था. वह गांव कराई सराय के गुलरिया बीघा का रहने वाला है. बता दें कि चिंटू की गिरफ्तारी के बाद से घर वाले भी गायब हैं. उसके पिता ओमप्रकाश शाह ने हार्डवेयर की दुकान खोली थी. तो वहीं चिंटू की पत्नी पेशे से नर्स है. गांव वालों ने बताया चिंटू गांव बहुत कम आया करता है. चिंटू लीक पेपर कांड के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का राइट हैंड है. चिंटू के मोबाइल पर ही नीट की आंसर शीट आयी थी. जिसके बाद खेमनी चक के लर्न प्ले स्कूल में इसी आंसर शीट को रटवाया गया था.

# रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट होगा सस्ता, दूध पर एक टैक्स जीएसटी काउंसिल के बड़े ऐलान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विस टैक्स काउंसिल की पहली बैठक आज यानी 22 जून को हुई। आम चुनाव में जीत के बाद मोदी 3.0 सरकार में जीएसटी की इस पहली बैठक में कई राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हुए। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि बैठक में व्यापार को आसान बनाने और करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इन फैसलों से व्यापारियों, और करदाताओं को लाभ होगा। आइए जानते हैं कि आज जीएसटी काउंसिल की बैठक में क्या अहम फैसले हुए-

भारतीय रेलवे की ओर से आम आदमी को दी जाने वाली सेवाओं को त्रस्ज्ञ के दायरे से बाहर रखने की सि-फारिश की है। इसमें प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम और वेटिंग रूम की सुविधा, बैटरी चालित कार जैसी सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा इंट्रा-रेलवे सप्लाई को भी त्रस्ज्ञ से छूट दी जा रही है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, आज काउंसिल ने एक्ट की सेक्शन 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है, जिसमें धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामले शामिल नहीं हैं। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए सेक्शन 73 के तहत जारी किए गए सभी नोटिसों के लिए, परिषद ने उन डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है, जो तामील हो चुकी है। जीएसटी काउंसिल ने दूध के कैन पर 12 फीसदी के दर से टैक्स लगाने की सिफारिश की है। इसके अलावा काउंसिल ने सभी कार्टन बॉक्स पर 12 फीसदी की दर निर्धारित की है। सभी सोलर कुकर पर भी 12त्न जीएसटी दर लागू होगी। साथ ही फायर स्प्रिंकलर सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर भी 12 फीसदी जीएसटी की दर लागू होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि फेक इनवॉइस पर रोक लगाने के लिए चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लागू किया जाएगा।

» **पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का इरादा: वित्त मंत्री**

निर्मला सीतारमण ने साफ किया कि केंद्र सरकार का इरादा पेट्रोल, डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का है। इसके लिए कि-सी संशोधन की जरूरत नहीं है। राज्यों को इसमें शामिल होकर फ्यूल्स पर त्रस्ज्ञ दर तय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए एक मंत्रियों के समूह का गठन हुआ है जो अगस्त में जीएसटी परिषद को रिपोर्ट देगा। अगस्त में होगी काउंसिल की अगली बैठक काउंसिल की अगली बैठक अब अगस्त में होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बाकी बचे एजेंडे पर चर्चा के लिए काउंसिल की अगली बैठक अगस्त के मध्य में आयोजित करने का फैसला लिया गया।

न्यूज अपडेट

## आदित्यपुर में एम्पेयर की नई वाहन रेंज की लांचिंग

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित एम्पेयर की इलेक्ट्रिक वाहन की शोरूम में एम्पेयर की नेक्स (नई वाहन रेंज) की लांचिंग हुई। यह हाई परफॉर्मेंस फैमिली स्कूटर है। इसकी कीमत 1 लाख 9 हजार 900 रुपए है. जिसका उद्घाटन भाजपा नेता



अमरप्रीत सिंह काले, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, विश्वम्भर दयाल खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से किया। एक बार फुल बैटरी के रिचार्ज पर. इस वाहन का माइलेज 136 किलोमीटर है। मौके पर महेश खंडेलवाल, पूजा खंडेलवाल, अमित खंडेलवाल, सुमित खंडेलवाल, अन्विका खंडेलवाल, शिवाय खंडेलवाल, नेहा सिंह, सोनी यादव, रोशन सिंह, धीरज सिंह, सचिन, सूरज, विष्णु, संजय, निशा आदो मौजूद थे. वाहन की वारंटी 3 साल या 30 हजार किलोमीटर है।

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एंटी ड्रग स्क्वाड टीम के द्वारा नशा उन्मूलन सप्ताह के चौथे दिन पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता ड्रग एडिक्शन विषय पर किया गया इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराना तथा जागरूकता फैलाना है। प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को 26 जून को पुरस्कृत किया जाएगा। विजेताओं के नाम इस प्रकार हैंः- स्लोगन प्रतियोगिता प्रथम किरण अग्रवाल बीबीए, द्वितीय अंजली कुमारी एमबीए, तृतीय स्थान पर नियति कमल बी कॉम। पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम अंजली कुमारी गुप्ता बीबीए, द्वितीय स्थान परलक्ष्मी सोरेन बी कॉम, तृतीय स्थान पर स्वीटी कुमारी बी कॉम। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में डॉ दीपा शरण संकायाध्यक्ष एवं अध्यक्ष वाणिज्य विभाग डॉ श्वेता प्रसाद तथा डॉ किया बनर्जी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा एवं डॉ ग्लोरिया पूर्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भरत सिंह ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया

**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सिंह ने अपने साकची स्थित



कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर फूलों का हार चढ़ा कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया और आगे चलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की जिसे आज हम भारतीय जनता पार्टी के नाम से जानते हैं। वास्तव में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पूरा जीवन देश और देश की जनता को समर्पित किया। वे सदैव देश के लिए कार्य करते रहें। ये उनका ही नारा था कि ''एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा'' जिसे हमारे मौजूदा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 एवं 35। को हटा कर पूर्ण किया। आज के इस कार्यक्रम में शक्ति सिंह, राजेश सिंह, गोपी सिंह, सूरज यादव, जय मंगल झा, शशिकांत सिंह, अमनदीप सिंह आदि लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## एनएसएस की छात्राओं ने नशा मुक्ति का दिया संदेश

जमशेदपुर। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एंटी ड्रग स्क्वायड कमेटी द्वारा नशा उन्मूलन सप्ताह के तीसरे दिन एनएसएस की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके द्वारा छात्राओं ने समाज में बढ़ते हुए नशे की समस्या को प्रदर्शित किया तथा यह संदेश भी पहुंचाया कि नशा मुक्त भारत ही स्वस्थ भारत का आधार है। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर और स्लोगनों के माध्यम से इस तथ्य की पुष्टि करते हुए कार्यक्रम को और सुदृढ़ किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. किश्वर आरा, डॉ. ग्लोरिया पूर्ति, डॉ. श्वेता प्रसाद, डॉ. केया बैनर्जी , भावना कुमारी और श्वेता पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## आनंद मार्ग के प्रयास से कटे होंठ एवं तालु वाले पांच बच्चों का हुआ निःशुल्क सर्जरी

**जमशेदपुर।** प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स, आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, इंगा हेल्थ फाउंडेशन एवम ऑपरेशन स्माइल के प्रयास से पिछले दिनों कटे होंठ और तालु विकृति वाले बच्चों एवं बड़ों का एक चिकित्सा कैंप का आयोजन उर्मिला भवन सोनारी कबीर मंदिर के पास में किया गया था। उसे कैंप में लगभग 9 रोगी ही चिन्हित हो पाए थे जिसमें केवल पांच बच्चे ही जा पाए थे। प्रत्येक मरीज के साथ दो परिवार वाले थे उन लोगों को दुर्गापुर आईक्यू सिटी नारायण मल्टीस्पेशलिटी पश्चिम बंगाल के द फ्यूचर ऑफ स्माइल मिशन अस्पताल ले जाया गया ।चारों बच्चों का निशुल्क सर्जरी किया गया। दुर्गापुर में एक अंतर्राष्ट्रीय कटे होंठ और तालु सर्जरी मिशन श्द फ्यूचर ऑफ स्माइल मिशनश की कटे होंठ और तालु विकृति वाले लोगों का अस्पताल है बचे पांच मरीजों को 20 जून को को दुर्गापुर हॉस्पिटल सर्जरी के लिए ले जाया जाएगा। 14 जुलाई रविवार को आनंद मार्ग जागृति गदरा, शिव मंदिर के पास 9 से 1 तक एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक उर्मिला भवन,सोनारी कबीर मंदिर के पास एवं सोनारी गुरुद्वारा के बगल आनंद मार्ग धर्म चक्र यूनिट में प्रिवेंशन ऑ×फ क्रेबिलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स ,ऑपरेशन स्माइल , इंगा हेल्थ फाऊंडेशन एवं आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रयास से जन्मजात ओठ कटा तालुकटा रोगी के लिए निःशुल्क ऑपरेशन हेतु जांच शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक किया गया है।

# भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

## पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार डॉ. मुखर्जी की सोच के अनुरूप कर रही है कार्यः भाजपा

**जमशेदपुर।**



भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 71वीं पुण्यतिथि को भाजपा जमशेदपुर महानगर ने जिला एवं मंडल स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। रविवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्षगण, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने श्डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहेश, श्जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा हैश एवं श्भारत माता की जयश के नारे लगाकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष का बलिदान दिवस मना रहे हैं, जिन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने की प्रेरणा का बीजारोपण किया था। जम्मू-कश्मीर को एक करने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सात दशक पहले जो सपना देखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र -एक संविधान बनाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा-एनडीए की सरकार डॉ. मुखर्जी की सोच के अनुरूप कार्य कर रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे मायनों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन यात्रा का परिचय देते हुए कहा कि उनमें देश की समस्याओं से जूझने की असीम इच्छाशक्ति थी। डॉ. मुखर्जी कभी किसी पद के मोहताज नहीं रहे, बल्कि देश सेवा ही उनका परम लक्ष्य था। हम सभी को उनके जीवन आदर्शों एवं कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देश हित होता है। कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरुआत डॉ मुखर्जी ने ही की थी। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके बताए रास्ते पर चलकर माँ भारती को परम वैभव तक ले जाने को कृतसंकल्पित है। विभिन्न मंडलों एवं बूथों पर मनाई गई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथिरू भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी मंडलों के मंडल कार्यालय एवं मंडल अधीन बूथों पर बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को श्रद्धाभाव से मनाया गया। जमशेदपुर महानगर के सभी 28 मंडलों में भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश कुमार शुक्ल, रीता मिश्रा, कुलवंत सिंह बंटी, राजन सिंह, मनोज कुमार सिंह, कल्याणी शरण, विकास सिंह, जटाशंकर पांडेय, योगेश मल्होत्रा, रमेश हांसदा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, विजय तिवारी, प्रेम झा, बिनोद सिंह, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, अमित अग्रवाल, बीनानंद सिरका, मुचिराम बाउरी, संजय सिंह, अमरेंद्र पासवान, अप्पा राव, कमलेश सिंह, बिमल जालान, अमरजीत सिंह राजा, अभिमन्यु सिंह, काजू शांडिल, राजपति देवी, लीना चौधरी, रीना चौधरी, मधुमाला, प्रकाश दुबे, शशांक शेखर, उपेंद्र गिरी, सुशील पांडेय, संतोष कुमार, दिलीप पासवान, चिंटू सिंह, एस कार्तिक, बिनोद गुप्ता, गणेश मुंडा, संजीत चौरसिया, ओम पोद्दार, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा धांधली के विरोध में प्रदर्शन, 27 जून को दिल्ली चलो का नारा

**जमशेदपुर।**




नीट यूजी की परीक्षा अब एक नई मोड़ लेती हुई नजर आ रही है प्रतिदिन मामला और गंभीर होते जा रहा है, इधर नीट प्रमुख को भी निलंबित कर दिया गया है वहीं दूसरी ओर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष सत्यम सिंह ने साकची गोल चक्कर पर विशाल मसाल जुलूस निकालकर केन्द्र सरकार का विरोध किया एवं जमकर नारे बाज़ी कि और 27 तारीख को दिल्ली चल कर संसद घेराव करने का आ''ान किया। विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम में युवाओं का आक्रोश केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मोदी सरकार के ऊपर जमकर बरसा, धर्मेंद्र प्रधान गद्दी छोड़ो, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद जैसे कड़े नारे लगाए गए। प्रेस वार्ता करते हुए श्री सत्यम सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार बिना किसी लक्ष्य की सरकार है उनकी नीति केवल देश विरोधी नीति होती है एवं सिर्फ युवाओं को अंधकार में धकेलने लने का कार्य कर रही है। आगे उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया है कि 27 तारीख को दिल्ली चलकर संसद का घेराव करें ताकि जल्द से जल्द परीक्षा को रद्द किया जाए और लाखों बच्चों के भविष्य को बचाया जा सके। विरोध प्रदर्शन की कार्यक्रम में मुख्य रूप से मयंक प्रताप सिंह पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नीरज सिंह महासचिव रघु चंदन प्रधान कुलदीप सिंह नवीन मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष मनमोहन तिवारी पंकज उपाध्याय विशाल सिंह अनीश सिंह नवीन यादव शुभम शुक्ला क्लिफोर्ड शुभम प्रसाद और अन्य युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंदिरा नगर बस्ती में 250 लोगों ने उठाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ

**जमशेदपुर।**



रविवार को होम पाईप इंदिरा नगर बस्ती में आयोजित हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उटाया। पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार के निर्देशानुसार साहू समाज एवं फेटिस अस्पताल कोलकाता के द्वारा अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। मौके पर राकेश साहू ने कहा कि बस्तियों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हर सप्ताह करने हेतु हर संभव प्रयास करने की बात कही। राकेश साहू ने बताया कि कई नेत्र रोगियों का निःशुल्क आंख का ऑपरेशन अगले सप्ताह पूर्णिमा नेत्रालय ले जाकर कराया जाएगा। इस शिविर में फिजिशियन डा.आर के साह शिल्पा पूर्णिमा नेत्रालय के मनीष कुमार, मो जमाली एवं विजय कुमार (रक्तचाप, मधुमेह) दंत चिकित्सा दो अफसाना आदि डाक्टर मौजूद थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा, रितेश कुमार, भूषण यादव, संध्या दास, राजा सिंह, नीरज साहू को साहू समाज के सदस्यों ने अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुरेश कुमार, शिवलोचन शाह, संतोष गुप्ता, वीरेंद्र शाह, आदित्य धनराज शाह, सागर साहू, प्रवीण साहू, वेदांत साहू, कमलेश साहू श्रवण साहू आदि मौजूद थे।

## जुगसलाई में गोली चली, युवक घायल

**जमशेदपुर।**



जुगसलाई थाना अंतर्गत बलदेव बस्ती निवासी करण सिंह (19) को अपराधियों ने रविवार (23 जून) को सुबह-सुबह गोली मार दी. गोली करण के सिर में लगी हैं। करण को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। करण की हालत गंभीर बताई जा रही है। गोली मारने के बाद अपराधियों ने उसे टीएमएच पहुंचाया और वहां से फरार हो गए. घटना के संबंध में बताया गया है कि बलदेव बस्ती स्थित अपने घर के बाहर बलदेव पानी भर रहा था. इसी दौरान छाया नगर के दो युवक बाईक से आए और उससे कहा कि बलदेव बस्ती के ही प्र''ाद के घर चलना है। प्रहलाद के घर जाने के बाद किसी पुराने विवाद की वजह से युवकों के बीच मारपीट शुरू हो गई. इसी दौरान एक युवक ने हथियार निकालकर करण के सिर में गोली मार दी. सूचना है कि घटना के बाद गोली मारने वाले युवक ने ही करण को इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल ले गए. फिर सभी वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद करण की मां और आस-पड़ोस के लोग घटनास्थल पर पहुंचे. यहां उन्हें मालूम हुआ कि युवकों के बीच मारपीट हुई और बाद में गोली चली। इसके बाद सभी लोग टीएमएच पहुंचे। सुबह-सुबह हुई फायरिंग की सूचना मिलने पर जुगसलाई थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई. पुलिस ने इस मामले में 2 युवकों को पुछताछ हिरासत में लिया है। आसपास और परिवार के लोगों ने बताया कि करण पीएनएम मॉल में काम करता है. वह अपनी मां के साथ जुगसलाई बलदेव बस्ती में रहता है।

## लायंस क्लब भारत के सदस्यों ने लगाया फलदार पौधा

**जमशेदपुर।** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष भरत सिंह के निर्देशानसार क्लब के सदस्यों द्वारा बारीडीह पोस्ट ऑफिस मैदान में फलदार पौधों को लगाया गया। इस पौधारोपण का उद्देश्य पौधा लगाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। इसलिए पौधारोपण करने के बाद क्लब के सदस्यों द्वारा आम लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें उन्हें बताया गया कि पौधारोपण एक ऐसी गतिविधि है, जिसे हम सभी अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं। पेड़ पारिस्थितिक संतुलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और पेड़ों की रक्षा करके और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हम पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य को सुनिश्चित कर सकते हैं। इस दौरान क्लब के लायन करन गोराई, लायंन राहुल सिंह, राजू गोराई, आकाश रजक, सुखदेव गोराई, अमित कुमार, राजू टुडू आदि सदस्य उपस्थित थे।




# विदेशियों को साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोह के सात सदस्य जमशेदपुर से गिरफ्तार

**जमशेदपुर।**




एक बार फिर साइबर ठगों ने जमशेदपुर को अपना ठिकाना बनाना शुरू कर दिया हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब जमशेदपुर पुलिस ने गोलमुरी मुस्लिम बस्ती में छापेमारी कर साइबर ठग गिरोह के कुल सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में गोलमुरी टुइलाडुंगरी निवासी अमरीक सिंह उर्फ रिंकू, कोलकाता दत्ता लेन निवासी विवेक गुप्ता, कोलकाता बगोई पाड़ा निवासी तनुप दास, हावड़ा निवासी गौरव चौधरी, मनीष चौधरी, संदीप कुमार राम और प्रवीण चौधरी शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 13 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 7 लैपटॉप चार्जर, 1 स्वीप मशीन और 13 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं. हालांकि गिरोह का मुख्य सरगना टेल्को घड़ी पार्क के पास रहने वाला सौरभ कुमार सिन्हा और साइबर क्राइम के लिए जगह उपलब्ध कराने वाला रमीज रजा खान पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. वहीं पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए छापेमारी कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि गोलमुरी में साइबर ठगी का काम किया जा रहा है. सूचना पर बिष्टुपुर थाना में रमीज रजा खान के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की. इसके बाद बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश कुमार ठाकुर और गोलमुरी पुलिस ने संयुक्त रुप से मुस्लिम बस्ती स्थित रमीज रजा खान के घर छापेमारी की. मौके से पुलिस ने सातों आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया. वहीं पुलिस ने मौके से साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले कई सामान भी जब्त किए. पुलिस सभी को गिरफ्तार कर थाना ले आई जहां पूछताछ करने के बाद सभी को रविवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि कुछ माह पूर्व ही जमशेदपुर से साइबर क्राइम की शुरुआत की है. यहां रमीज रजा खान के घर पर ठगी का काम चलता था. सभी को यहां रहने के लिए फ्लैट भी दिया गया था. इसके लिए सौरभ 30-40 हजार रुपये प्रतिमाह दिया करता था. इसके अलावा जितने रुपये ठगे जाते थे, उसके बदले कमीशन भी मिलता था. सौरभ का साला दीपू उर्फ गुरदीप सिंह खाने पीने का सामान उपलब्ध कराता था. जिस दिन कोई बड़ी ठगी होती उस दिन शराब की पार्टी भी चलती थी. हावड़ा का रहने वाला दिलीप सौरभ को मैनपावर की सप्लाई भी करता था. ठगी का पैसा सौरभ सिन्हा के पास ऑनलाइन के माध्यम से मंगाया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि साइबर ठगी के लिए विदेश के लोगों को शिकार बनाया जाता था. इसमें लंदन के लोगों को ज्यादा शिकार बनाया जाता था. इसलिए शाम 7 बजे से काम शुरू कर दिया जाता था और यह काम सुबह 7 बजे तक चलता था. इसके लिए अमरीक सिंह विदेशियों का डेटा उपलब्ध कराता था. इस दौरान लोगों से इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से संपर्क कर उन्हें अपनी जाल में फंसाकर रिमोट कंट्रोल ऐप (एनी डेस्क, स्पेयर पार्टस एप) से लोगों का मोबाइल क्लोन कर लेते थे. इसके अलावा क्रिप्टो करेंसी और वेस्टर्न यूनियन मनी ग्राम के माध्यम से भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता था. अब तक करोड़ों रुपये की ठगी की जा चुकी है. पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

न्यूज अपडेट

## रांची के रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन के लिए ब्राजील पहुंचे

**रांची ।** रांची के प्रतिष्ठित उद्योगपति और यंग इंडियंस ( ) रांची के संस्थापक अध्यक्ष रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन ( एअ) में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ब्राजील पहुंचे हैं। इस सम्मेलन में भारत के 21 राज्यों से सदस्य शामिल हुए हैं और रितेश गुप्ता ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। रितेश गुप्ता अब के राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा हैं।




रितेश गुप्ता की कंपनी, पारागोन फाइनेंस लिमिटेड, बीएसई में 1992 से सूचीबद्ध है। यह कंपनी 1986 से रांची में ऑटोमोबाइल वित्त और अन्य व्यापारिक ऋण प्रदान कर रही है। उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वैश्विक उद्यमिता के मुद्दों पर चर्चा करना और भारत की ओर से युवा उद्यमियों की आवाज़ को विश्व पटल पर प्रस्तुत करना है।

रितेश गुप्ता की इस उपलब्धि से न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा है। उनके अनुभव और नेतृत्व के माध्यम से भारतीय युवा उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

## नशा के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान



**रांची।** 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में आम जनमानस के बीच एक संदेश देने हेतु नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान में एन.सी.बी राँची ज़ोन के बैनर तले रॉयल किंग्स मोटरसाइकिल क्लब एवं रांची राइडर्स ने एन सी बी के सहयोग से जुबली पार्क जमशेदपुर से एन.सी.बी जोनल कार्यालय रांची तक और रांची से 94 बटालियन सीआरपीएफ खूंटी तक बाइक रैली निकाली। रैली के क्रम में श्री केदार अधिवक्ता खूंटी कोर्ट ने बच्चों के साथ रायडर को रास्ते मे गुलाब के फूलों से स्वागत किया गया । इस अवसर पर कमांडेंट श्री विनोद कुमार ,एन.सी.बी के सहायक निदेशक श्री राणा प्रताप यादव और अधीक्षक एस शारिक उमर राइडर्स को संबोधित करते हुए नशा के विरुद्ध अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया और कमांडेंट 94 श्री विनोद कुमार ने नशे के विरुद्ध उपस्थित सभी रायडर एन.सी.बी. एवं सी. आर. पी. एफ. पदाधिकारी को शपथ दिलवाई। इस पर एन. सी.बी.के सभी पदाधिकारी के साथ-साथ , 94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीसीएल के नॉर्थ कर्णपुरा क्षेत्र में रक्तदान शिविर का अयोजन




**रांची।** स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के तहत सी.सी.एल के एन.के क्षेत्र में आज सिविल सोसायटी डकरा तथा एन.के क्षेत्र के संयुक्त प्रयास से केंद्रीय अस्पताल डकरा में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सी.सी.एल ने स्वयं इस शिविर में रक्तदान करके आम जनों को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित इस रक्त शिविर में लगभग 150 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में एन.के क्षेत्र की तरफ से महाप्रबंधक श्री सुजीत कुमार के साथ अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थें।

# मुख्यमंत्री ने बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**जमशेदपुर।**





मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिन्हित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है।

- **बुरुडीह डैम का पानी आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को उपलब्ध कराएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं, इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था। इस डैम का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लम्बी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

- **बुरुडीह डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले सभी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस पर्यटन स्थल में आकर यहां की खूबसूरती का आनंद ले सकें, इस निमित्त डैम को कनेक्ट करने वाला सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नई पहचान देनी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया तथा पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर वृक्ष को संरक्षित करने का संदेश भी दिया।

- **अधिकारियों को दिए निर्देश.**

मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में किए जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत मूर्त रूप देने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर घाटशिला विधायक श्री रामदास सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अरवा राजकमल, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर श्री किशोर कौशल सहित संबंधित विभाग के वरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं अपमान जनकः डॉ मनोज

**रांची।**



झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने एक बयान जारी कर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा झारखंड के संबंध में दिए गए बयान की घोर निन्दा करते हुए कहा कि उनका बयान अति निंदनीय है जिसकी जितनी निंदा की जाय कम है।

माननीय सांसद होकर इस तरह का विवादित बयान अपमान जनक और झारखंड को अपमानित करने वाले बयान है लोकतंत्र में अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इस तरह का बयान बाजी करना उनका मानसिक दिवालियापन है माननीय राष्ट्रपति से मांग करता हूं कि इन्हें सासंद से अविलंब बर्खास्त किया जाय और कठोर करवाई हो। लोकतंत्र में इस तरह का बयान लोकतंत्र को कलंकित करने के जैसा है एवं समस्त झारखंड वासियों को अपमानित करने का काम किया है जो माफी के लायक नहीं है मैं माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी आग्रह करता हूं कि ऐसे सांसदों पर दंडनात्मक कार्रवाई हो, चुकी झारखंड के जनता को उनका बयान मर्माहत किया है लोकतंत्र को कलंकित किया है जो असवैधानिक एवं और मर्यादित है।

## आलोक दुबे, लाल किशन नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता हुए निलंबन मुक्त

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता, को तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया गया है।

यह जानकारी अमूल्य नीरज खलखो द्वारा दी गई है।

## रिटायर्ड सैनिकों के आश्रितों के पेंशन समस्याओं पर 25 को सम्मेलन

**रांची।**

राजधानी रांची में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 25 जून को सुबह 11 बजे से सम्मेलन आयोजित होगा। जिला सैनिक कल्याण निदेशालय के स्तर से आयोजित इस सम्मेलन में रिटायर्ड सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों का जुटान होगा। इसमें पेंशन संबंधित समस्याओं के अलावा पारिवारिक एवं जमीन संबंधी समस्याओं पर विचार होगा। साथ ही वीर नारियों, विधवाओं तथा अनाथ बच्चों से संबंधित समस्याओं के अलावा भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याणार्थ के लिए विचार एवं परामर्श पर विचार होगा।

## जल्द ही 4.50 लाख अबुआ आवास की मिलेगी सौगात

**रांची।**

राज्य में अबुआ आवास योजना से इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.50 लाख आवास का आवंटन होगा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग जिलावार लक्ष्य तय करने में जुटा है। लाभुकों की संख्या में वृद्धि होने की वजह से सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है। संभवतः अगले सप्ताह इसे फाइनल कर दिया जाये। सभी जिलों को मिलाकर करीब 4.50 लाख आवास का आवंटन किया जायेगा यानी इतने बेघरों के लिए तीन कमरों के आवास निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी। जानकारी के अनुसार जिलों से रिपोर्ट मंगायी गयी है। इसकी समीक्षा की जा रही है। विभागीय सचिव ने आवास आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो लाख लाभुकों को ही आवास देने का लक्ष्य रखा गया था। इन्हें पहली किस्त के तहत 30-30 हजार रुपये काम शुरू कराने के लिए दिए गये हैं। वहीं, जिन्होंने पहले चरण का काम पूरा करके वेबसाइट में फोटो अपडेट किया है, उन्हें 50-50 हजार रुपये दिए गये हैं। इसकी संख्या अभी कम है। ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन लाभुकों ने संतोषजनक काम किया है उन्हें अविलंब दूसरी किस्त की राशि आवंटित करें।

# कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया, जमकर की नारेबाजी

**रांची।**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर रविवार को रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में नीट-यूजी-2024 परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे। पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कहा कि प्रधानमंत्री अपनी चुप्पी तोड़कर अविलंब नीट यूजी परीक्षा को रद्द करें तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान अपना इस्तीफा दें। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी डायरेक्टर को हटाकर एनडीए सरकार मामले को लीपापोती करने में लगी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। देश में पिछले पांच सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुई है। भारत जैसे युवा देश में केन्द्र की एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य को अधंकारमय बनाने पर तुली हुई है। करोड़ों होनहार मेहनतकश छात्रों के साथ खिलवाड करना घोर नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण बीजेपी ने पूरे सिस्टम को अपनी गिरफ्त में कर रखा है। इसलिए इसके तार भाजपा शासित राज्यों से जुडे हुए हैं। जब तक सिस्टम दुरूस्त नहीं होगा पेपर लीक चलता रहेगा। लेकिन कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। पेपर लीक मामले में देश के शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान को जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अविलंब इस्तीफा देना चाहिए और नीट की परीक्षा रदद करनी चाहिए।





प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पर चर्चा करते रहते है पर पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी जी ने युवाओं के न्याय के लिए संघर्ष का संकल्प लिया है। कांग्रेस पार्टी छात्रों के सुन्दर भविष्य के लिए उनके हित में संघर्ष जारी रखेगी। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, अमरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, सोनाल शांति, बेलस तिर्की,शहबाज अहमद, बिनोद सिंह, ऐनुल हक, अजय सिंह, मदन मोहन मिश्रा,वसीम अकरम, खगेन्द्र महतो, जितेन्द्र त्रिवेदी, गौरव सिंह, विक्की ठाकुर, सदाब खान, साकेत कुमार, मोहित राज, विपुल सिंह,सोनू तुषार, समीर, रोहित पांडे, अमन, अब्दुल रहमान,सरदार उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

# सच्चे भक्त भगवान एवं भागवत प्राप्त महापुरुषों की कथनों को सदैव अपनाते हैं : रमा भाई

**रांची।**

श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वाधान में पूज्य संत श्री आसाराम जी बापू के शिष्य रामा भाई द्वारा गीता भागवत सत्संग शिव मंदिर महावीर मंदिर धर्मशाला डोरंडा रांची में अपराह्न 12:00 बजे प्रारंभ हुआ। इससे पहले उनका स्वागत श्री रामां भाई का धर्मेंद्र तिवारी अध्यक्ष श्री योग वेदान्त सेवा समिति ने स्वागत किया। सत्संग में रामा भाई ने उपास्थित श्रोता बृंद को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान या भागवत प्राप्त महापुरुषों को बुद्धिहीन व्यक्ति नहीं पहचानते यह बातें भागवत में स्वयं श्री कृष्ण ने भी कही इसलिए वे आलोचना करते रहते हैं जबकि सच्चे शिष्य भक्त भगवान एवं भागवत प्राप्त महापुरुषों की कथनों को सदा अपनाते हैं। और उनके बताएं मार्ग पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ईश्वर की ओर ले जाने के लिए ही गुरु मिले हैं। सच्चे भक्तों को कभी कोई परेशानी नहीं होती सत्संग से संसय मिटता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिर्फ यह समझ लेना कि उन्हें गुरु मंत्र मिल गया है तो वह बापू के शिष्य हो गए हैं । ऐसा नहीं उन्हें निरंतर बापू के बताएं मार्ग पर चलना होगा। गुरु भक्ति कठिन पर गुरुदेव की कृपा हमेशा बनी रहती है। रामा भाई ने कभी किसी की निंदा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही कई सुंदर भजनों की भी प्रस्तुति दी। राम भाई ने कुछ देर अपने सानिध्य में ध्यान भी कराया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र तिवारी, युवा सेवा संघ के प्रवीण भाई के अलावा पटना सेंटर से संदीप भाई विशाल भाई गौतम भाई राजीव भाई सचिन इन दीवार गोपाल भाई नमिता बहन दीपांजलि बहन युगलकिशोरी श्याम झा चंदन भाई विमलेश सिंह, सचिन भारती मुंडा जी सहित कई साधक भाई बहनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बापू के शिष्य देशव्यापी कार्यक्रम के तहत झारखंड के कई जिलों में सत्संग और प्रवचन कार्यक्रम दे रहे हैं रमा भाई 24 जून को डाल्टनगंज हजारीबाग गिरिडीह होते हुए धनबाद में सत्संग प्रवचन करेंगे। राम भाई ने टीवी पर आने वाले कुछ बाबाओ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आजकल कुछ लोग सिद्धि दिखाक र चमत्कार करते हैं और भीड़ जुटाते है। भोले भाले भक्तों को ठगने का काम भी किया जाता है जबकि इस सृष्टि में हर दिन चमत्कार लीलाएं हो रही है ब्रह्म ज्ञान एवं आत्म साक्षात्कारी पुरुष चमत्कार नहीं करते हुए ब्रह्म ज्ञान बताते हैं भक्तों को आत्मज्ञान एवं मोक्ष पाने का रास्ता भी दिखाते हैं। आश्रम से छपने वाली पत्रिका ऋषि प्रसाद के सदस्य बनाने वाले साधक शिष्यों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें जरियागढ़ के महावीर मिश्रा , खूंटी के शिवकुमार और रांची के विशाल अर्जुन जी सुरेश राम जी भरत जी आदि.

**योग वेदांत सेवा समिति के तत्वाधान में प्रारंभ हुआ गीता भागवत सत्संग**



## सुविचार

**शायद मैं इसलिए पीछे हूँ, मुझे होशियारी नहीं आती, बेशक लोग ना समझे मेरी वफादारी, मगर मुझे गद्दारी नहीं आती।**

# दोहरे मापदंड क्यों?

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा 'आतंकवाद के खिलाफ एकजुट' होने का किया गया आह्वान अत्यंत हास्यास्पद है। शहबाज यह क्यों भूल जाते हैं कि उनका देश तो खुद आतंकवाद का बहुत बड़ा हिमायती है? उनके इस बयान का क्या औचित्य है? अतीत में अफगानिस्तान, भारत, फ्रांस, ब्रिटेन, अमेरिका ... जैसे देशों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के तार पाक से जाकर ही क्यों मिले? जब दूसरों के यहां बम धमाके होते हैं तो पाकिस्तान को इसमें 'अच्छा आतंकवाद' नजर आता है, लेकिन जब ये ही धमाके टीटीपी के आतंकवादी पाक में करते हैं तो उसे 'बुरा आतंकवाद' समझा जाता है। ये दोहरे मापदंड क्यों? शहबाज को यह कहने के बजाय कि 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमारा सामूहिक कर्तव्य और देश की सभी संस्थाओं का प्राथमिक दायित्व है .. यह आपके और मेरे बारे में नहीं, बल्कि हमारे बारे में है .. हमें इसे साथ मिलकर खत्म करना होगा', अपने 'राष्ट्रीय अपराधों' को स्वीकार करना चाहिए। आज शहबाज टीटीपी और अन्य आतंकवादी संगठनों को कोसते हुए यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित है, जबकि इस बात को नज़र-अंदाज़ कर रहे हैं कि आतंकवाद के 'विषवृक्ष' का बीज उनके ही देश ने बोया और उसे खाद-पानी देने में फौज और सरकारों ने बड़ी भूमिका निभाई थी। पाक में शरीफ खानदान ने वर्षों राज किया है, जिसने आतंकवाद को परवान चढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शहबाज का यह बयान कि 'पाकिस्तान पिछले ढाई दशकों से आतंकवाद का सामना कर रहा है और अपराध, मादक पदार्थ, तस्करी, उग्रवाद और धार्मिक आतंकवाद की संलिप्तता के कारण इससे निपटना जटिल हो गया है', पर यह कहावत बिल्कुल ठीक बैठती है- बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय!

पाकिस्तान के ये हालात कई वर्षों के 'गंभीर अपराधों' का नतीजा है। उसने आतंकवादी संगठन बनाए थे, ताकि वे भारत को परेशान करें। उन्होंने भारत का नुकसान किया भी, लेकिन कालांतर में पाक को बहुत बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। आज पाकिस्तान में शायद ही कोई हफ्ता ऐसा गुजरता है, जब आतंकवादी हमले या बम धमाके न हों। वास्तव में पाक फौज और सरकार की छत्रछाया में पले-बढ़े ये आतंकवादी संगठन अब वहां सत्ता पाने का सपना देख रहे हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तानी तालिबान और अन्य आतंकवादी संगठनों को लगता है कि वे यही सब पाक में दोहरा सकते हैं! जब अगस्त 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया तो दुनिया में सबसे ज्यादा खुशियां पाकिस्तान में मनाई जा रही थीं। कई 'रक्षा विशेषज्ञों' ने टीवी स्टूडियो में बैठकर दावा किया था कि अब तालिबान के लड़ाके हमारा हुक्म मानेंगे और भारत पर हमला करेंगे। हालांकि हुआ इसके ठीक उलट! तालिबान और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के बीच आए दिन गोलीबारी होती रहती है। पाकिस्तान के शहरों में आतंकवादी हमले बढ़ गए हैं। अफगान सीमा से अफीम और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ गई है। यह जहर शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक पहुंच गया है। एक ओर जहां तस्कर और अन्य अपराधी इससे मोटी कमाई कर रहे हैं, वहीं युवा वर्ग नशे के दलदल में धंसता जा रहा है। मादक पदार्थों की तस्करी आतंकवादी संगठनों की कमाई का भी बड़ा जरिया है। उनके आका यह रकम अपने ऐशो-आराम के अलावा युवाओं को गुमराह करने पर खर्च करते हैं। पाकिस्तानी सरकार 16 दिसंबर, 2014 को पेशावर स्कूल हमले के मद्देनजर आतंकवाद को खत्म करने के लिए 20 सूत्री एनएपी एजेंडे की तो बात करती है, लेकिन जिन आतंकवादियों ने मासूम बच्चों का खून बहाया, उनसे सांठगांठ रखती है। जब आतंकवाद से लड़ने की नीयत ही न हो तो वही होगा, जो आज पाकिस्तान में हो रहा है। शहबाज शरीफ कितने ही 'आह्वान' करते रहें, उनसे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला।

## ट्वीटर टॉक



मोदी सरकार ने गुलामी की मानसिकता वाले पुराने कानूनों को हटाकर, भारतीयता व न्याय की मूल भावना समाहित किए तीन नए कानून 'भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम' बनाये है जिन्हें 1 जुलाई से देश भर में लागू किया जाएगा।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक सपना जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया साकार! देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है।

**-दीया कुमारी**



जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज से 6 जुलाई तक 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत भाजपा के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदेशभर में पौधारोपण करेंगे।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# प्रेम की गहराई

एक बार रुक्मिणी जी ने भगवान से पूछा, 'आप में सबसे बढ़कर प्रेम किसका है। भगवान ने कहा राधिकाजी का। रुक्मिणी जी ने कहा, 'मैं उनसे मिलना चाहती हूं। किसी समय राधिकाजी उनके घर पर आ गयीं, रुक्मिणी जी ने खूब सत्कार किया। उन्हें गर्म दूध पिलाया। राधिकाजी प्रसन्न होकर चली गयीं। रात को भगवान सोने आये। रुक्मिणी जी ने पग-चंपी की तो देखा भगवान के पैरों में फफोले हैं। रुक्मिणी जी ने पूछा, महाराज! ये कैसे हो गये। कई बार आग्रह किया तो बताया कि आज राधिकाजी तुम्हारे यहां आयी थीं, उनकी तुमने सेवा की, दूध गर्म पिला दिया।' रुक्मिणी जी ने कहा, 'हां, ख्याल नहीं रहा, गर्म पिला दिया।' भगवान ने कहा, 'राधिकाजी के हृदय में मेरे चरण हर समय रहते हैं। तुमने गर्म दूध पिला दिया, वह दूध मेरे चरणों पर जाकर पड़ा जिससे फफोले हो गये।' भगवान ने कहा, 'राधिकाजी के चरण मेरे हृदय में वास करते हैं, मेरे चरण राधिकाजी के हृदय में हैं।'

## सामयिक

# दक्षिण अफ्रीका चुनावों में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे

**आर.के. सिन्हा**

भारत के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाज़ुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारित्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिलकुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुँचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाज़ुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला।यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं।

एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया। लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। मौजूदा दौर में अफ्रीका के कई देश तेजी से आर्थिक विकास कर रहे हैं। अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ भी अफ्रीका में संभावनाए तलाशता रहा है। कारोबारी रिश्ते में भारत अभी इन सभी से पीछे है। ऐसे वक्त में जब कि चीन की अर्थव्यवस्था उतार पर है। यूरोप भी संकट से जूझ रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत के पास अफ्रीका के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का बेहतरीन मौका है।

भारत की चोटी की कंपनियों जैसे टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अफ्रीका में तगड़ा निवेश है। अफ्रीका में हर जगह टाटा की उपस्थिति दिखती है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबो डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अफ्रीकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है। इस बीच, अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अफ्रीका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। इसके करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। यह संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। जैसे कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यहां गुलाब ही गुलाब हैं। यहां गुलाब के लाल,पिंक,सफेद समेत साढ़े पांच हजार से अधिक पौधों की 65 प्रजातियां खुशबू बिखेरती हैं।

इधर का सारा वातावरण बेहद सुंदर और आनंद की अनुभूति देता है। दिल्ली में अफ्रीका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। वैसे राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नामों पर भी सड़कें हैं। क्वामें नक्रूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट आफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी। उसी दौर में यहां विभिन्न अफ्रीकी देशों के नौजवान पढ़ने के लिए आने लगे। उनमें केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी चालू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी। अतः ऐसा लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधान्मत्रित्व काल की भारत सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ्रीकी देशों से सम्बन्ध और मजबूत और स्थायी करेगा।

# भारत को ग्रुप ऑफ़ सेवन (G-7) की मिले पूर्ण सदस्यता

भगवान दास शर्मा प्रशांत शिक्षक सह साहित्यकार इटावा उत्तर प्रदेश, दूरभाषः 7017777083 , ईमेलः prashantunorg@gmail.com



ग्रुप ऑफ़ सेवन (G-7) दुनिया का एक ऐसा वैश्विक आर्थिक मंच है जिसमें दुनिया की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थाओं वाले देश संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और यूनाइटेड किंगडम है। इन देशों की कुल आबादी दुनिया की 10 फीसदी, कुल जीडीपी दुनिया का 40 प्रतिशत तथा अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में परमानेंट मेंबर्स हैं। इतना सब कुछ होने के बाद भी इस संगठन के लिए भारत बेहद अहम देश है। इसके उलट भारत के लिए भी G7 संगठन खासा मायने रखता है। भारत इतना अहम क्यों है इसके पीछे कई वजहें हैं। सबसे पहली बात यह है कि दुनिया में भारत की साख और ताकत लगातार बढ़ रही है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश भी भारत है। वैश्विक मामलों पर भारत ने अपना पक्ष हमेशा मजबूती के साथ रखा है। भारत में राजनीतिक स्थिरता की वजह से यह G7 सदस्य देशों के लिए खासी अहमियत रखता है। इसके अलावा भारत को वैश्विक राजनीति में नई पहचान मिली है। दुनिया भी अब भारत की बढ़ती हुई गति को देख रही है और इसी वजह से भारत G7 संगठन भारत के लिए खास है।आज भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था में से एक है। कुल सदस्य देशों की आबादी से दोगुना, जीडीपी में G7 की चार सदस्यों इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा से ज्यादा है लेकिन G7 का स्थाई सदस्य नहीं है। अब समय आ गया है कि भारत की को G7 का पूर्ण सदस्य बनने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। हालांकि जी-7 के सभी सदस्य देश विकसित है, जबकि भारत अभी विकासशील देशों की श्रेणी में आता है। लेकिन भारत के बढ़ते कदम वैश्विक योगदान और भारत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था ए.आई. और नवीनीकरण ऊर्जा का संबर्धन, गरीब अफ्रीकी देशों तक पहुंच और संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रमों में भारत की अहम भूमिका भारत को एक वैश्विक महत्वपूर्ण देशों की सूची में लाता है। भारत के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने सबसे पहली विदेश यात्रा के रूप मे 50वीं G-7 मीटिंग में आउट रीच सदस्य के रूप प्रतिभाग किया। विश्व के प्रमुख जनप्रतिनिधियों से मुलाकात और वैश्विक मुद्दों को वेवाकी से उठाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने धरती को बचाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य हासिल करने को प्रतिबद्ध है।

अब समय आ गया है कि G7 के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में भी बदलाव हो और भारत को G7 में पूर्ण सदस्यता के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र संघ में सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता जल्द से जल्द मिलनी चाहिए। ताकि भारत विश्व शांति और अफ्रीकी देशों सहित तथा विश्व के पिछड़े देशों की आवाज बन कर विश्व शांति और स्थिरता कायम रखने में अपनी अहम भूमिका निभा सके।

## नजरिया

# असंतुलित दोहन से मानवीय विनाश की नई इबारत

**संजीव ठाकुर**

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।



नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है।

रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम, थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी140 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

## न्यूज़ अपडेट

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया श्यामा प्रसाद का बलिदान दिवस



**गोड्डा ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया, सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया और धूप जलाया गया कार्यक्रम का नेतृत्व जिला के महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने किया उन्होंने सभी का अभिवादन करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा को बलिदान दिवस के अवसर पर अपना उद्बोधन देने का आग्रह किया उन्होंने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने कहा था एक देश में दो विधान दो प्रधान दो निशान नहीं चलेगा और आज भारतीय जनता पार्टी ने वह चरितार्थ करके दिखाया नरेंद्र मोदी जी के अगुवाई में कश्मीर से 370 की धारा भी हट गई और जम्मू कश्मीर आज भारत का अभिन्न अंग है ,बहुत जल्द जम्मू कश्मीर में विधानसभा का चुनाव भी होने जा रहा है, और धन्यवाद ज्ञापन किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन झा ने किया और इस अवसर पर नगर के महामंत्री प्रेमजीत शाह,नगर संयोजक प्रितम गाडिया,पप्पू शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष,गप्पू सिंहा,श्याम सुन्दर साह,सुनील यादव,राजेश भगत और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गांधी मैदान गोड्डा के कला- संस्कृति मंच पर जिलास्तरीय अंडर 17 बालक कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गोड्डा ।** अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर जिला प्रशासन एवं जिला कुश्ती संघगांधी मैदान गोड्डा के कला- संस्कृति मंच पर जिलास्तरीय ₹अंडर 17 बालक कुश्ती प्रतियोगिता₹ का हुआ के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय गांधी मैदान गोड्डा के कला- संस्कृति मंच पर जिलास्तरीय ₹अंडर 17 बालक कुश्ती प्रतियोगिता₹ का हुआ आयोजन।बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी ने प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर किया पुरस्कृत। मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक सह जिला कुश्ती संघ सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित विद्यालयों के खेल शिक्षक, रेफरी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी रहे उपस्थित।

### मेहरमा प्रखंड बीससूत्रीय क्रियान्वयन समिति बैठक में अनुपस्थित कर्मीयों पर होगी शो-काउज



**मेहरमा (गोड्डा) ।** प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड सभागार में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शशांकशेखर सिन्हा ने किया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई . मौके पर अध्यक्ष श्री सिन्हा ने वैसे विभाग के पदाधिकारी पर सख्त रूप दिखाते हुए इसे प्रोसिडिंग में लाने का आदेश देते हुए वैसे पदाधिकारी को स्पष्टीकरण पूछे जाने की बात प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार से कहीं। श्री सिन्हा ने आंगनबाड़ी में पोषाहार के नाम पर बरती जा रही अनियमितता पर क्षोभ व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारी एवं कर्मी को कड़ी निगरानी का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड में बैंकों की मनमानी पर कड़ी आपत्ति जताई . श्री सिन्हा ने प्रस्ताव पारित कर महिला सखी संगठन के क्रियाकलापों की जांच की मांग करते हुए तत्काल दो सदस्यों की एक समिति की घोषणा की जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी अंबुज कुमार एवं ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक निरंजन कुमार को शामिल करते हुए एक सप्ताह के अंदर जांच का रिपोर्ट देने को कहा। वही समिति के सदस्य आत्मानंद पांडे ने मनरेगा की चर्चा करते हुए योजना के तहत बनाए जा रहे बिरसा कूप निर्माण कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरतने की शिकायत मिलने की बात कही। बिरसा कूप निर्माण में वरती जा रही अनियमितता की उन्होंने जांच करने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी से किया। इसके अलावा बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड में बैंकों की मनमानी पर भी समिति के अध्यक्ष श्री सिन्हा ने असंतोष जाहिर की। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष अंजू लता देवी, विधायक प्रतिनिधि अरविंद झा, समिति के अन्य सदस्यों में गुलजारीलाल दास, महेंद्र उरांव, रेणु देवी, मिथिलेश कुमार, मोहम्मद , नीलकमल सिन्हा के अलावा अंचल निरीक्षक चंद्रेश्वरी मेहरा, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी वंदना भारती ,प्रखंड साधन से भी अब्दुल आहट मोहम्मद लाल, श्याम कुमार , संजीव हाजरा इत्यादि लोग प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद उत्तर प्रांत झारखंड का प्रांतीय कार्यशाला सम्पन्न

दुमका।

भारत विकास परिषद, उत्तर प्रांत झारखंड के प्रांतीय कार्यशाला का दिन रविवार को सिटी गार्डन, दुमका में आयोजन किया गया।

प्रान्तीय कार्यशाला का उद्घाटन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अरुणा भागनिया, क्षेत्रीय संरक्षक गजेंद्र नारायण सिंह, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव जी के शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे, प्रांतीय महासचिव संतोष कुमार शर्मा, प्रांतीयवित्त सचिव अश्वनी कुमार तिवारी, प्रांतीय महिला सहभागिता की जूही दास गुप्ता, प्रांतीय संयोजक समग्र ग्राम विकास डॉ मधुर कुमार सिंह, दुमका शाखा अध्यक्ष भारती शर्मा, सचिव जितेंद्र कुमार साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर माँ भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया।






मंचस्त अधिकारी गणों का स्वागत स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प गुछ एवं दुपट्टा ओढ़कर किया गया, जिसमें डॉक्टर मुकेश कुमार, संगीता सिन्हा, प्रीती भालोटिया, संगीता अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, ज्योति हिम्मतसिंहका, सरोज साह, राजकुमारी गुप्ता, मालती गुप्ता, किरण गुप्ता, प्रीति गुप्ता, किशोर साह, अशोक साह, सत्येंद्र कुमार, दिलीप शर्मा, संजय भालोटिया, पवन केसरी, सतीश कुमार, अमिता रक्षित, मनोज घोष, कृतिका, मिशेल, ऋषिका आदि प्रमुख थे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में दुमका शाखा की अध्यक्ष भारती शर्मा, सचिव जितेंद्र कुमार साह, वित सचिव प्रदीप कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड उत्तर प्रांत शाखा के दायित्व धारियों को शाखा के सांगठनिक स्वरूप, लक्ष्य एवं स्वरूप दर्शन, प्रोटोकॉल, वित्तीय प्रबंधन, रिकॉर्ड कीपिंग एवं नई शाखा का सृजन के कार्य को सुदृढ़ बनाना है। परिषद हजारीबाग शाखा, गिरिडीह शाखा ,धनबाद शाखा, देवघर शाखा, बैजनाथ धाम शाखा, दुमका शाखा के सदस्यों एवं पदाधिकारीयों के दायित्व धारीयों से सुझावों का आदान-प्रदान कर सम्यक विचारधारा का निर्माण करना है।

इससे स्वच्छ, स्वस्थ, समर्थ राष्ट्र का निर्माण में अपनी भूमिका निश्चित कर सेवा एवं संस्कार के माध्यम से जन-जन तक पहुंच बनाकर राष्ट्र निर्माण में जन भागीदारी सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यशाला में कार्यवृत्ति के अनुरूप समूह संगठन के लिए प्रकाश चंद्र सिंह एवं डॉ मधुर कुमार सिंह सेवा और संस्कार के लिए प्रोफेसर अरविंद कुमार झा शैलेंद्र कुमार गुप्ता प्रभात चंद्र मिश्र एकाउंट्स एवं फाइनेंस के लिए अश्वनी कुमार तिवारी प्रोफेसर कैलाश राणा और महिला सहभागिता के लिए श्रीमती अरुणा भगानिया श्रीमती जूही दास गुप्ता के नेतृत्व में विस्तृत कार्य योजना के अनुरूप कार्यशाला का संचालन किया जाना है उत्कृष्ट उत्कृष्ट कार्यशाला प्रबंधन के लिए दुमका शाखा को प्रांतीय पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सभी पदाधिकारी को प्रांत की ओर से बाबा बैजनाथ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

*कार्यक्रम का संचालन भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉक्टर अन्हद लाल (अनुज आर्य) प्रांतीय महासचिव संतोष कुमार शर्मा प्रांतीय संयोजक समग्र ग्राम विकास डॉ मधुर कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय महासचिव संतोष कुमार शर्मा ने किया भारत विकास परिषद के इस कार्यक्रम में सिटी गार्डन के मालिक गोपी चौरसिया जी के द्वारा स्थान उपलब्ध कराया गया इसके लिए उन्हें भारत विकास परिषद की ओर से दुमका शाखा की ओर से सम्मानित किया गया

## आशा लकड़ा की अध्यक्षता में आज देवघर परिसदन में बैठक की गई

संवाददाता।

**देवघर ।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष आशा लकड़ा की अध्यक्षता में आज देवघर परिसदन में बैठक की गई इस अवसर पर लकड़ा ने अनुसूचित जनजाति को जिले में मिलने वाली सुविधाएं एवं राज्य सरकार और केंद्र सरकार के योजनाओं का समीक्षा किया उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास योजना एवं कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक अनुसूचित जनजाति को सुविधा उपलब्ध कराई जाए वही देवघर में महिला छात्रावास एवं सरकारी कर्मचारी



जिन्हें अब तक आवास नहीं मिल पाया है इसका निर्माण करने की बात कही जिसमें अधिकारियों ने बताया कि छात्रावास के लिए 5 एकड़ भूमि चिन्हित कर लिया गया है एवं आवास के लिए काम जारी है आवंटन अभी नहीं किया गया है शीघ्र ही इसे पूरा किया जाएगा उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई कुप सड़क निर्माण सभी सीएससी में सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया साथ ही देवघर शहरी क्षेत्र के वैसे वार्डों में जहां पर अनुसूचित जनजाति की संख्या अधिक है उन वार्डों में पेयजल सुविधा सड़क निर्माण कराने विद्युतीकरण करने का निर्देश नगर निगम को दिया इसके अलावे अन्य विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों का समीक्षा किया।

## जनसंघ संस्थापक डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई

संवाददाता।

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन रवानी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोना के आवास पर मनाई गई इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा भी मुख्य रूप से उपस्थित थी सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है। यह नारा हम लोग लगाया करते थे आज भारतीय जनता पार्टी ने यह नारा को सफल कर दिखलाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं मैं भारतीय जनता पार्टी के एक-एक



कार्यकर्ता से यह कहना चाहती हूं उनके बताए हुए मार्ग पर एक-एक कार्यकर्ता को चलना चाहिए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने रीता चौरसिया विशाखा सिंह पंकज सिंह भदोरिया सचिन सुल्तानिया राजीव सिंह जूनियर बाबूलाल मरांडी विनय चंद्रवंशी विजया सिंह प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सिंह पवन पांडे नीतू देवी प्रदीप झा सुलोचना देवी दशरथ दास बबलू पासवान अमनदीप गोलू अंग्रेज दास लक्ष्मी देवी अनिल बरनवाल शीतल हसदा अनिल कॉल सुमित्रा मुरमुर एवं पार्टी के श्रेष्ठ कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्राथमिक शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण की मांग को लेकर कल्पना सोरेन से मिले शिक्षक

संवाददाता।

**गिरीडीह।** प्राथमिक शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण की मांग को लेकर रविवार को झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों के अंतर जिला स्थानांतरण चाहने वाले शिक्षकों ने गांडेय विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से गिरीडीह में मुलाकात कर अंतर जिला स्थानांतरण को विधानसभा चुनाव से पहले कराने की मांग की। विधायक बनने के बाद पहली बार कल्पना सोरेन से मिलने पहुंचे शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

### अंतर जिला स्थानांतरण की समस्या का होगा समाधान : कल्पना



शिक्षक नेता दिलीप कुमार राय, मनोज यादव, सुरेन्द्र मंडल समेत अन्य ने कहा कि हम प्राथमिक शिक्षक लंबे समय से अंतर जिला स्थानांतरण को लेकर सरकार के समक्ष गुहार लगा रहे हैं। सरकार का कार्यकाल पूरा होने को है लेकिन अभी तक ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। विशेष परिस्थितियों से जूझ रहे शिक्षकों से 2023 में ही पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया और जिला स्थापना से पास आवेदनों को स्वीकृति के लिए निदेशालय में भेजा गया लेकिन निदेशालय द्वारा आवेदन में त्रुटी की बात कहते हुए अभी तक सिर्फ पत्र जारी किया जा रहा है। इस तरह से बार बार त्रुटी निकालते रहने से स्थानांतरण को लेकर संशय बना हुआ है। सभी शिक्षकों को स्थानांतरण का सामूहिक अवसर प्रदान करने का आग्रह किया गया।

शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद विधायक श्रीमती सोरेन ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से बात करेंगे। अंतर जिला स्थानांतरण का मामला मेरे संज्ञान में भी है। विधानसभा चुनाव के पहले समस्या का समाधान निकलेगा।

मौके पर गिरीडीह विधायक सुदिव्य सोनू, एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार राय, पप्पू मंडल, मनोज यादव, सुरेन्द्र मंडल, रंजीत यादव, किशोर कुमार दास, सहदेव मंडल, चन्द्र भानु वर्मा, सुबोध चौधरी, मनोज मंडल, रोहित मंडल समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## नेशनल टेस्टिंग एजेंसी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर देवघर जिला कांग्रेस कमिटी ने देश के शिक्षा मंत्री का टावर चौक पर पुतला दहन किया

देवघर।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा विगत 04 जून 2024 को NEET-UG 2024 का परिणाम जारी किया गया। NEET-UG 2024 परीक्षा में हुई गंभीर अनियमितताओं को लेकर देवघर जिला कांग्रेस कमिटी ने देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का टावर चौक पर पुतला दहन किया। राज्यव्यापी इस कार्यक्रम का नेतृत्व देवघर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने की। जिला प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल



ने भी पुतला दहन के दौरान बताया कि आज देश के करीब चौबीस लाख बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इस पर भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं।दस दिन में UGC NET,CISR NET तथा NEET PG तीन परीक्षाऐं रद्द हो जाती है, लेकिन सबसे बड़ी गड़बड़ी वाली ठएएळ परीक्षा नहीं रद्द किया गया है। आखिर प्रधानमंत्री जी और शिक्षा मंत्री जी क्यों कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं। देश जानना चाहती है। शिक्षा मंत्री से देश संभलने वाला नहीं है, इसलिए फ़ौरन इस्तीफा दें। पुतला दहन कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रवि केशरी,अक्षय सिंह, देवेन्द्र रंजन आदि मौजूद थे।

## देवघर नगर निगम के सहयोग से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नशा मुक्ति के लिए अभियान छेड़ा, मानव श्रृंखला बना कर किया गया जागरूक



**देवघर।** झारखंड के देवघर में अब नशा मुक्ति के लिए आवाज बुलंद होने लगी है।नगर निगम के सहयोग से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बाबानगरी देवघर में इसको लेकर मुहीम तेज कर दी है।आज बड़ी संख्या में महिलायें स्थानीय पटेल चौक से लेकर टावर चौक तक मानव श्रृंखला बना कर मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध लोगो को जागरूक की।महिलाओं सहित मानव श्रृंखला में शामिल लोगों ने एक स्वर में नशा मुक्त देवघर बनाने के लिए आम नागरिकों से सहयोग करने का आग्रह किया गया।नगर आयुक्त ने बताया कि नशा करने से शरीर के साथ साथ घर परिवार भी बर्बाद हो सकता है इसलिए इनके द्वारा नशा से दूर रहने की अपील की गई है।इस बीच नगर निगम के आयुक्त योगेंद्र प्रसाद ने नगर निगम की ओर से आज से वृक्षारोपण अभियान की भी शुरुआत की।देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि आजकल के युवा नशे की गिरफ्त में आ गए हैं और यह देवघर में एक फैशन बन गया है। इसलिए यह जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है और आगे भी विभिन्न माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जाएगा कि वह नशे के आदि ना हो और नशा ना करें और एक स्वस्थ समाज की रचना करने में युवा आगे आये।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक का किया गया आयोजन..

देवघर।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में परिसदन सभागार में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि आयोग के निर्देश पर 01 जुलाई , 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचि का विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।





बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि 25 जून से 24 जुलाई तक द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनिरीक्षन कार्यक्रम चलाए जाएगा। साथ ही बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा एवं छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले पहचान करना आदि कार्य सर्वेक्षण किया जाना है। आगे उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घर-घर सत्यापन कार्य के दौरान 01 जुलाई 2024 को 18 साल की अगला आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को मतदाता सूची में लेख सम्मिलित करना एब्सेंट, शिफ्टेड एंड डेथ मतदाताआ का फॉर्म -7 भरना आदि कार्य किया जाना है। साथ 1500 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र को चिन्हित करने के अलावा मतदान केंद्र जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधायुक्त स्थल का चयन करने से जुड़ी जानकारियों से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही शतप्रतिशत सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की बात कहीं, ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूचि में न छूटे।

उपरोक्त के अलावे उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेस कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## पीजीटी सफल अभ्यर्थियों ने अंबा प्रसाद के प्रति आभार प्रकट किया



**बड़कागांव ।** झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए पीजीटी के सफल अभ्यर्थियों ने रविवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के हजारीबाग आवास में अंबा प्रसाद के प्रति उनके सहयोग के लिए बुके भेंट कर आभार एवं सम्मान प्रकट किया। इस दौरान लोगों ने अम्बा प्रसाद को मुंह मीठा करवाया तथा अभ्यर्थियों द्वारा लाए गए आम के पेड़ को अंबा प्रसाद ने अभ्यर्थियों के साथ अपने परिसर में लगाकर इस पल को यादगार बनाया।अंबा प्रसाद ने सभी अभ्यर्थियों को तहे दिल से उनके आभार एवं सम्मान के लिए धन्यवाद दिया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की जनता की समस्याओं की समाधान के लिए मैं निरंतर प्रयासरत रहती हूं और रहूंगी।

## ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक अम्बा प्रसाद



**बड़कागांव ।** प्रखंड के ग्राम सोनपुरा निवासी पूर्व कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष एवं पूर्व 20 सूत्री सदस्य विशेश्वर नाथ चौबे के पूजनीय माता के श्राद्ध कार्यक्रम में बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद शोकाकुल परिवार के घर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की विधायक अंबा प्रसाद ने कहाँ की उनके निधन से उनकी कमी उनके परिजनों और रिश्तेदारों को खलती रहेगी, इस दुःख की घड़ी में उनके परिजनों को ईश्वर आगे बढ़ने की शक्ति दे।मौके पर मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम खान , जिला महासचिव पंकज गुप्ता , बड़कागांव प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईंया , पूर्वी जिप प्रतिनिधि दीपक करमाली , कांडतरी पंचायत मुखिया सह हजारीबाग जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद , पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर एंव रंजीत चौबे , संजय महतो , समाजसेवी भवानी प्रसाद दांगी , प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद , सहायक अध्यापक संघ प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम , मोहित कुमार , शमशेर अंसारी , विजय साव , कुलेश्वर महतो , अरुण महतो , प्रकाश महतो , शोले नायक , मो. तनवीर आलम एंव संजय पासवान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ब्राउन शुगर एवं देह व्यापार के चपेट में हजारीबाग सरकार निजात दिलावे : डॉ आरसी प्रसाद मेहता

**इचाक संवाददाता।** एकीकृत बिहार के कश्मीर माने जाने वाला हजारीबाग का क्षवि धुमिल,जिला के नौजवान ब्राउन शुगर इत्यादि का शिकार हैं जो व्यक्ति 3 वर्ष तक इस नशा का सेवन करेगा उसका लिवर हार्ट फेफडा इनफेक्टेड होता है जिस कारण नसेडी का मृत्यु होता है,जिले में कोरोना के बाद गिट्टी पत्थर बालू के अभाव में बेरोजगारी बड़ी गरीबी के कारण बेरोजगार ब्राउन शुगर का व्यापार करने लगे जो महिलाएं मजदूरी करती थी वह आज देह व्यापार करने को मजबूर है जिले में देह व्यापार और बराउन शुगर का धंधा जोरों पर चल रहा है जिला प्रशासन चाहे तो नित्य दिन ब्राउन शुगर माफिया को पकड़ सकती है जिसमें जिला प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है बालू के लिए हजारीबाग जिले में त्राहि त्राहि बचा हुआ है सरकार मुख्य दर्शक बनी हुई है समाज सेवियों के मांग पर पूर्व एसपी कार्तिक एस एवं उपयुक्त विक्रम आनंद के द्वारा समय-समय अभियान चलाया जाता था। माफियाओं पर शिकंजा कसा जाता था जो आज नदारत है नगरपालिका, सदर अस्पताल में परिवहन चुंगी वसूला जा रहा है अनेकों ऑफिस पर माफिया काबिज है जिले में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है हजारीबाग में भूमाफिया भूमि हड़प रहे हैं यह बातें हजारीबाग सदर विधानसभा के उपविजेता आरसी मेहता ने पिटिसी स्थित अपने कार्यालय में कहा। उन्होंने कहा कि आदरनिय मुख्य मंत्री चंपई सोरेन से मांग करता हूं कि हजारीबाग को भू माफिया ब्राउन शुगर माफिया देह व्यापार से निजात दिलावें एवं माफिया को कड़ी सजा दिलावें ।



## भाजपा की जीत की खुशी में सुशील कुमार महतो के द्वारा वनभोज का आयोजन



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ एकीकृत पूर्वी, पश्चिमी और टाटीझरिया मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और सभी मंडल अध्यक्षों के लिए एक भव्य वनभोज का आयोजन सुशील कुमार महतो के द्वारा किया गया। उक्त आयोजन हजारीबाग लोस से सांसद मनीष जसवाल की शानदार जीत की खुशी में आयोजित किया गया था।इस अवसर पर सुशील कुमार महतो ने सभी उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया और सांसद मनीष जसवाल की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा ?मनीष जसवाल की जीत हमारे लिए गर्व का विषय है और यह वन्भोज उनके सम्मान में आयोजित की गई है।

कार्यक्रम के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुशील कुमार महतो को भावी विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में पेश करने की बात कही। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सुशील कुमार महतो की नेतृत्व क्षमता और उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि सुशील जी के नेतृत्व में क्षेत्र का विकास और तेजी से होगा और जनता को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने एकजुट होकर सुशील कुमार महतो को आगामी चुनावों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस वनभोज ने कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच आपसी संबंधों को और भी मजबूत किया और आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

# वेतनमान सहित विभिन्न मांगों के पूरा नहीं होने से राज्य के सहायक अध्यापक आक्रोशित

### सरकार के खिलाफ उलगुलान का निर्णय

### 30 जून से आंदोलन की रूपरेखा तय

बड़कागांव ।



बडकागाँव : रविवार 23 जून को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य इकाई की बैठक रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता विनोद तिवारी ने किया।संचालन सुमन कुमार के द्वारा किया गया।बैठक में प्रमुखता से यह बात छन कर आई कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार बनने के तीन माह में वेतनमान देने वायदा सवा चार वर्षों में भी पूरा नहीं किया।पिछले चार माह से राज्य में चंपई सोरेन की सरकार है, जो स्वयं को हेमंत पार्ट 2 कहते हैं लेकिन इसमें भी पारा शिक्षकों का कुछ काम नहीं हुआ।वर्तमान समय में राज्य के 62 हजार पारा शिक्षक सरकार बनने के साढ़े चार वर्ष बीतने के बावजूद वेतनमान नहीं मिलने, ईपीएफ तथा अनुकंपा नहीं मिलने, आंदोलन के क्रम में रघुवर सरकार द्वारा किए गए केस वापसी नहीं होने सहित विभिन्न मांगों की पूर्ति नहीं होने से आक्रोशित हैं।संघर्ष मोर्चा के राज्य इकाई के सभी पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष, जिला सचिव, सक्रिय साथियों के विचार के पश्चात अपनी मांगों की पूर्ति के लिए उलगुलान का निर्णय लिया गया एवं आंदोलनात्मक गतिविधियां तय की गई जो निम्नवत हैं :

26 जून को सभी मंत्रियों एवं सत्ता पक्ष के सभी विधायकों को मांग पत्र , 30 जून हुल दिवस के अवसर पर राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालय में मशाल जुलूस ,08 जुलाई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में जिला इकाई द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन,20 जुलाई से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा। इसके बावजूद मांगें पूरी नहीं हुई तो मोर्चा की बैठक कर शैक्षणिक हड़ताल के साथ सभी विद्यालयों में तालाबंदी का निर्णय लिया जाएगा।बैठक में राज्य इकाई के बिनोद बिहारी महतो, संजय दुबे, सिंटू सिंह, सिद्दिक शेख, हृषिकेश पाठक, सुमन कुमार, विकास चौधरी, निरंजन दे , बेलाल अहमद , बैजनाथ महतो, मो0 शकील , नारायण महतो , भागवत तिवारी , तुलसी महतो , जसीम अंसारी , कृष्णा पासवान , चंदन मेहता , जया रानी कुंवर, नेली लूकस, शेखर सिंह, दीपक पाण्डेय, रविंद्र सिंह, मनोज घोष, अरविंद प्रताप देव, मोतीलाल टुडू , समोधि यादव आदि सहित सैकड़ों सांगठनिक पदधारी एवं सदस्यगण शामिल थे।

## बिनोद विश्वकर्मा ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सौंपा ज्ञापन, सौपा ज्ञापन

● बरही व चौपारण में लंबित पेयजल आपूर्ति योजना को अविलंब चालू करने की मांग बिनोद

संवाददाता बरही ।



**बरही।** झामुमो पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता बिनोद विश्वकर्मा ने सुबे के पेयजल एवं स्वच्छता माननीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर से भेंट किया। मौके पर उन्होंने बरही प्रखंड व चौपारण प्रखंड में लंबित पेयजल आपूर्ति योजना के कारण ग्रामीणों की हो रही परेशानियों से अवगत कराया। वही बिनोद विश्वकर्मा ने माननीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर को एक ज्ञापन सौंपते हुए बरही व चौपारण प्रखंड क्षेत्र के लंबित पेयजल आपूर्ति योजना को शीघ्र चालू कराने का अनुरोध किया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि तिलैया डैम से बरही व चौपारण प्रखंड क्षेत्र के लोगों को पेयजल योजना लगभग आधा से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। परंतु उक्त कार्य विभागीय लापरवाही के कारण लंबित पड़ा हुआ है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी हो रही है। माननीय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरकार से जनता को काफी आशा व उम्मीद है कि उक्त लंबित योजना को चालू कर जनता की आकांक्षा को पूरा किया जाएगा। क्योंकि उक्त योजना को धरातल पर उतारने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा कई बार धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल जैसे कठिन संघर्ष किया है। वही माननीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मामले को गंभीरता पूर्वक सुने और अवशासन दिए हैं कि बरही व चौपारण प्रखंड में लंबित जलापूर्ति योजना कार्य को जल्द ही शुरू करवाया जाएगा ताकि लोगों के घर-घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जा सके।।

## बिजैया पंचायत में कांग्रेस पार्टी का बूथ कमिटी की हुई बैठक

संवाददाता बरही

### कई लोग भाजपा छोड़ कांग्रेस का थमा दमन




बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी की बूथ कमेटी की बैठक हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान एवं विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित हुए। बैठक में मलकोको, बिजैया, डापोक भंडारों, कोलहुआकला यानी पांच पंचायत के अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने किया। इस मौके पर कई लोगों ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन थामा। जिनमें बेलादोहर के विकास यादव, परमेश्वर पंडित छत्रु यादव, चिंतामण रविदास, राजू यादव, डेगलाल रविदास, रूपलाल यादव, रोहित कुमार यादव, सहित अन्य लोग थे।उक्त सभी लोगों को माला पहनाकर स्वागत किए। इस मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी बेहतर जीत सुनिश्चित किया और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत किया है। इधर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी पदाधिकारी को अभी से ही जुट जाने को कहा और उपस्थित सभी पंचायत अध्यक्षों को बूथ कमिटी को मजबूत करने पर बल देने का निर्देश दिया। बैठक में उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया रघुबीर यादव, मुनिलाल ठाकुर, मीना देवी, प्रयाग प्रसाद, मनोज यादव, अशोक ठाकुर,दिनेश यादव, पंसस रोहित यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, जागेश्वर यादव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## सुमित ज्वेलर्स दुकान से चोरों ने उड़ाए, ढाई से तीन लाख के आभूषण

विष्णुगढ़।




विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के महंत अखाड़ा चौक में स्थित एसबीआई बैंक के बगल में सुमित ज्वेलर्स दुकान से रविवार ग्यारह बजे के आसपास चोरों ने ढाई से तीन लाख के आभूषण को उड़ा ले गए।इस संबध में दुकान के संचालक अरविंद कुमार बर्मन ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दुकान में अपने बेटे को बिठा कर मैं किसी कार्यवश हज़ारीबाग जा रहा था।इस दौरान दुकान में एक युवक ग्राहक बनकर मेरा दुकान आया और मेरा बेटा को कुछ जेवर दिखाने को कहा, डब्बे से जेवर दिखाने के बाद कहा कि इस तरह का नही कुछ दूसरे डिजाइन का जेवर दिखाओ, तब मेरे बेटे ने जेवर से भरे डिब्बे को सामने वाली दराज में रखा, और दूसरा डब्बा निकालने लगा इस बीच युवक कुर्सी से उतरकर सामने गद्दे में बैठकर दराज खोलकर सोने से भरे आभूषण के डब्बे को निकालकर दुकान से निकल गया। चोर के निकलने के पश्चात मेरे बेटे को शक हुआ तो दराज खोलकर देखा तो आभूषण से भरा डब्बा गायब था। मेरा बेटा ने फोन पर मुझे चोरी होने की जानकारी दी।तब में टाटीझरिया के आगे से पुनः अपने दुकान वापस आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चोर होंडा साइन से आये थे,सफेद शर्ट पहना चोर बाइक को चालू करके रखा था,दुकान से चोर चोरी कर मोटरसाइकिल में बैठ के रफ्फूचक्कर हो गए। इस घटना की लिखित रूप से विष्णुगढ़ थाने में दुकान संचालक अरविंद कुमार द्वारा दी जा चुकी है। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नही की गई थी।

## ईट सोलिंग एवं पीसीसी पथ निर्माण के लिए विधायक ने की अनुशंसा

**बड़कागांव ।** हजारीबाग रोड स्थित एनटीपीसी के पास रमेश साव के घर से जेहल पतरा गवांट बाबा तक इट सोलिंग एवं पीसीसी पथ निर्माण के लिए विधायक अंबा प्रसाद द्वारा अनुशंसा की गई है। उक्त पथ निर्माण में प्राक्कलन राशि 2 लाख की अनुशंसा हुई है। विधायक अंबा प्रसाद ने अनुशंसा पत्र मौके पर उपस्थित कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, धर्मनाथ राम,नागेंद्र राम एवं सागर राम को सौंपी। विदित हो कि ग्रामीणों द्वारा उक्त पथ के निर्माण हेतु अनुरोध किया गया था जिस पर विधायक अंबा प्रसाद ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए अपने विधायक निधि से योजना के क्रियान्वयन हेतु अनुशंसा किया।



## विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी बोंगा इचाक ने मनाया अपना छठा वर्षगांठ

इचाक संवाददाता।

इचाक बोंगा में स्थित विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी ने शुक्रवार को अपना छठा वर्षगांठ मनाया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेबर सुप्रीडेंट सह जिला कौशल पदाधिकारी अनिल कुमार रंजन कुमार और ऊउ दीपक कुमार जी मौजूद रहे ! इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बोंगा पंचायत के मुखिया जी उमेश प्रसाद मेहता एवं विनायक फंडामेंटल रिसर्च और एजुकेशन सोसाइटी के प्रधानाचार्य चंदन सिंह और यहां के सभी शिक्षक एवं कार्यकर्ताओं का योगदान रहा इस कार्यक्रम में अनेक बच्चों ने भाग लिया और अनेकों तरह के कार्यक्रम को प्रदर्शित किया जिसमें नृत्य, संगीत और कला को प्रदर्शित किया, विनायक फंडामेंटल के प्राचार्य चंदन सिंह ने बताया झारखंड सरकार के द्वारा बोंगा में स्थित आईटीआई कॉलेज इचाक में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और सैंपलिंग ट्रेलर और सिलाई मशीन संचालक (एस एमओ) और कंप्यूटर, इंग्लिश स्पोकेन, और सॉफ्ट स्किल का भी प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क दिया जाता है इच्छुक व्यक्ति आकर यहां से प्रशिक्षण ग्रहण कर सकते हैं और अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं। यहां ट्रेनिंग लेने वालें सभी कैंडिडेट्स को 100 % देश के प्रतिष्ठित कम्पनी में नौकरी दी जाती है।




## राष्ट्रीय तेली साहू समाज की जिला इकाई की बैठक 26 को

**बड़कागांव ।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की जिला इकाई की बैठक परिसदन भवन सर्किट हाउस हजारीबाग में दिनांक 26 जून को रखी गई है । जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू होंगे। समय 2:00 बजे से रखी गई है । जिसमें समाज को आगे ले जाने के रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं सुधार करने की आवश्यकता पर जोर दिया जायेगा ।उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव ने दिया ।



# बिजली चोरी को लेकर 24 लोगो पर इचाक थाना मे हुई प्राथमिकी दर्ज

### सभी उपभोक्ता कनेक्शन के साथ शीघ्र मीटर लगवाने का कार्य करे : कृष्ण बालमुचू

इचाक संवाददाता।

इचाक झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड कटकमसांडी अवर प्रमंडल के निगम हेड क्वार्टर के निर्देश पर इचाक के कई ग्रामीण क्षेत्रो मे बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे सहायक विद्युत अभियंता कृष्ण देव प्रजापति एवं कनीय विद्युत अभियंता कृष्ण बालमुचू अन्य कर्मचारी श्री चंद्र प्रकाश पांडे, रंजीत शर्मा, पवन सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, अनिल मेहता रोशन कुमार ने 24 लोंगो पर प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसमे उपभोक्तायों पर जुर्माना राशि संजय मेहता 34952 रू, चंदन कुमार 21845 रू, रंजीत कुमार 23058 रू उदय कुमार 23058 रू, प्रकाश प्रसाद मेहता 34952 रू,संजय कुमार पिता नरेश मेहता 41506 रू, सभी बोगा निवासी एवं अवधेश पांडे 36894 रू, मनोज कुमार 36894 रू, शिबू पांडे 41506 रू, सभी हदारी निवासी एवं शुभम कुमार 20696 रू, छोटन साव 20696 रू, पप्पू कुमार मेहता 36894 रू, गुड्डू कुमार 20696 रू, सभी गिरही निवासी इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज है। और मुकेश राम 16936 रू, अरुण जय राम 6960 रू, मनोज राम 6960 रू, अशोक राम 12702 रू सभी कसार निवासी कृष्णा दुबे 6960 रू, परमेश्वर राम 4628 रू, अशोक राणा 16936 रू, रामचंद्र राणा 16936रू, संतोष राणा 16936 रू, सभी नवादा निवासी संतोष कुमार मेहता 16936 रू, शशि कुमार दास 12702 रू, कटकमसांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज है।



लाइन काट देने के बाद कार्यालय से RC DC रशीद प्राप्त कर ही लाइन जलाये

बकाया पर लाइन काटने के बाद उपभोक्ता पार्ट पेमेंट कर सकते और अपना लाइन RC DC रशीद प्राप्त कर ही लाइन जलाये

मीटर नहीं लगाने वाले उपभोक्ता पर होंगी अब सीधे कार्यवाही

मीटर नहीं लगवाने और पांच हजार से अधिक बकाया रखने वालों पर होगी सीधे कार्रवाइ सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है.

मीटर नहीं लगवाने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जाएगी. कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि 22 जून से इचाक कटकमसांडी में शिविर लगाया जा रहा हैं . शिविर में बिल का भुगतान समेत अन्य समस्या का समाधान किया जाएगा. जो उपभोक्ता अवैध रूप से विद्युत जला रहे है वह शीघ्र ही कनेक्शन कराकर मीटर अवश्य लगाने का कार्य करे।

# 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो की टीम गठित

बोकारो।

झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से आगामी 29 जून को जमशेदपुर में आयोजित 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता को लेकर बोकारो जिले की टीम रविवार को गठित कर ली गई। सेक्टर-4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के स्वीमिंग पूल में बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं अन्य जगहों से 50 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। सुबह छह बजे से ही उनका आना शुरू हो गया। सभी ने पूरे उत्साह के साथ पूल में छलांग लगाई और



तैराकी में अपने दमखम दिखाए। इनमें से 13 का चयन तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया। बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, चयन प्रक्रिया के तहत बालक वर्ग में सात एवं बालिकाओं के वर्ग में छह तैराकों का चयन किया गया। इनमें आदित्य सिंह, ईशान आलोक, अरण्या रोहन, वरुणादित्य रॉय, अंकित बासु, प्रज्ञान कुमार, आनंद राज देवनाथ, अनुभूति झा, प्रियाश्री दुबे, अनुष्का यशी, सुप्रिया सिंह, गुरलीन तथा अदिति चौहान के नाम शामिल हैं। जबकि, प्रशिक्षक के रूप में बोकारो टीम के साथ रूपेश कुमार मौजूद रहेंगे।
बोकारो जिले की उक्त टीम 29 जून को जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में होनेवाली 14वीं झारखंड राज्य सीनियर स्विमिंग प्रतियोगिता 2024 में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम के तैराक स्विमिंग की फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस स्पर्धाओं में अपने दमखम दिखाएंगे।
डॉ. गंगवार ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले तैराकों को मिलाकर झारखंड की महिला-पुरुष नेशनल टीमें तैयार की जाएंगी, जो भारतीय तैराकी महासंघ के द्वारा आगामी सितंबर माह में आयोजित 77वें ग्लेनमार्क सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगी। उन्होंने बोकारो टीम के सभी सदस्यों को राज्यस्तरीय उक्त प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## न्यूज़ अपडेट

### चुनाव जीतने के बाद सांसद ढुल्लू महतो के भतीजा खुशवंत देवा ने पंडित रजनीकांत पाठक से मुलाकात की



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा चुनाव में पंडित रजनीकांत पाठक ने चुनाव से दो माह पहले ही भविष्यवाणी किए थे कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में किसी भी कीमत में ढुल्लू महतो जीत रहे हैं और वह भी काफी बहुमत से उनका कहना आज सच हुआ उनकी भविष्यवाणी सच हुई आज ढुल्लू महतो वाकई में काफी बहुमत से चुनाव जीतकर सांसद बने हैं इसको लेकर सांसद ढुल्लू महतो के भतीजा खुशवंत देवा ने पंडित रजनीकांत पाठक से उनके आवास में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और कहा कि आप सदैव ही हम लोगों सहित जनता में अपना आशीर्वाद बनाए रखें जिससे जनता में अमन शांति बनी रहे खुशवंत देवा ने पंडित जी से मिलकर काफी खुश हुए और आगामी दिनों में भी उनसे मिलने का आग्रह किया।इस अवसर पर खुशवंत देवा के साथ अरबिंद दुबे ,अविनाश पाठक ,आदित्य शर्मा आदि मौजूद थे ।

### व्यवसाई के घर श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के अध्यक्ष



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल निवासी व्यवसाई सह लायंस के सदस्य जितेंद्र गुप्ता के 65 वर्षीय माता का निधन दिल का दौरा पड़ने से हो गई। घटना से दुखी शोकाकुल व्यवसाई परिवार से मिलने श्राद्ध कार्यक्रम के दिन रविवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बोकारो जिला अध्यक्ष जोधन नायक बोकारो जिला संरक्षक भुवनेश्वर प्रसाद साहू ,समाजसेवी विनोद कुमार साव,अजय कुमार गुप्ता,विकास साव एवं अन्य व्यवसाई पीड़ित परिवार के घर जीएम कॉलोनी पहुंचे एवम शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया साथ ही चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए।
कहे की चार माह पूर्व व्यवसाई जितेंद्र गुप्ता जी के पिता 70 वर्षीय स्व सी.आर गुप्ता जी का भी निधन दिल का दौरा पड़ने से हो चुका है।

### हथियार के साथ दो युवकों को किया गया गिरफ्तार

**चास ।** बोकारो जिला के चास प्रखंड स्थित पिंडराजोरा थाना अंतर्गत टुपरा गांव जाने के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया ,पुलिस प्रशासन का कहना है कि गुप्त सूचना के आधार पर भोला कुमार गुप्ता और जय लाल दास को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है उक्त मामले की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है ।

### नव निर्वाचित गांडेय विधायक कल्पना सोरेन गिरिडीह पहुंचीं

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी झामुमो नेत्री सह नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को तीन दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गिरिडीह पहुंची। गिरिडीह पहुंचने के बाद विधायक कल्पना सोरेन से मिलने के लिए मुखिया संघ, पोषण सखी संघ के सदस्यों सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे और उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान गांडेय विधानसभा से आए लोगों ने विधायक कल्पना सोरेन को क्षेत्र की स्थानीय जनसमस्याओ से भी अवगत कराया।



वहीं लोगों से मिलने के बाद विधायक कल्पना सोरेन ने स्थेनीय सर्किट हाउस में उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कई विकास योजनाओं के बाबत जानकारी लेने के साथ ही कई आवशयक दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू सहित पार्टी के कई नेता भी मौजूद थे।

## कसमार में हजारीबाग की 36 किशोरियों ने किया एक्सपोजर विजिट

कसमार।

बोकारो जिले मे सहयोगिनी द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर चलाएं जा रहे अभियान को समझने के लिए रविवार को हजारीबाग की महिला मुक्ति संस्थां की किशोरियां कसमार पहुंची। सभी किशोरियां एक्पोजर विजिट में आई थीं। एक्पोजर विजिट के दौरान किशोरियों ने सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह को रोकने को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। प्रखंड के धधकिया गांव में कार्यक्रम आयोजित करके बाल विवाह रोकने के अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान किशोरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह से होने वाली समस्या एवम असर की जानकारी दी। दोनों संस्था की किशोरियों ने बाल विवाह रोकने के लिए अपनी-अपनी जानकारी भी



साझा की। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने जानकारी देते हुए कहा कि किशोरिया बाल विवाह तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए आगे आ रही हैं। अब क्षेत्र की किशोरियां गांवों में हो रही बाल विवाह का खुलकर विरोध करना शुरू कर दी है। महिला मुक्ति संस्था की सचिव देवयानी वर्मा ने कहा कि संस्था के द्वारा हजारीबाग की इचाक प्रखंड में किशोरियों द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर के सतत प्रयास किया जा रहा है। जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। हजारीबाग की किशोरियां भी प्रखर है। इस दौरान किशोरियों ने बाल विवाह रोकने का संकल्प दोहराया। मौके पर सहयोगिनी की कुमारी किरण सूरजमणि देवी, मंजू देवी, निक्की कुमारी, पूनम कुमारी, महिला मुक्ति संस्था की लीला देवी, ज्योति मिर्धा, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी,गुनगुन कुमारी, पम्मी खातून, प्रेणना कुमारी, नैना कुमारी , रवि कुमार, चंदन कुमार तथा गौतम सागर उपस्थित थे।

## धनबाद लोकसभा के सांसद ढुल्लू महतो के भतीजा खुशवंत देवा ने गोपीडीह में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

बोकारो ।

धनबाद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो के भतीजा खुशवंत देवा के सौजन्य से चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिजुलिया मंडल के ग्राम गोपीड़ीह में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसके उद्घाटन सांसद ढुलू महतो के भतीजा खुशवंत देवा ने नारियल फोड़कर किया। सांसद के भतीजा खुशवंत देवा के पहुंचने पर सभी ग्रामीणों ने फुल माला पहनाकर खुशवंत देवा का भव्य स्वागत किया। खुशवंत देवा ने कहा कि जैसे ही सूचना मिली की यहां का ट्रांसफार्मर जल गया है, तुरंत विभाग के संबंधित अधिकारी को फोन कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया था। गांव में खुशवंत देवा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्थानीय जनसमस्याओं से उन्हें अवगत भी कराया। खुशवंत देवा



ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। सांसद के शपथ ग्रहण से पहले ही धनबाद लोकसभा क्षेत्र में काम धरातल पर दिखने लगा कहीं भी क्षेत्र में कोई भी जनहित से जुड़ी समस्या है तो आदेश करने का काम करें उसे तुरंत समाधान करने का काम करेंगे। खुशवंत देवा ने लोगों को भरोसा दिया कि किसी भी प्रकार की तकलीफ हो तो बेझिझक बताने का काम करें। इधर नया ट्रांसफार्मर पाते ही गोपीडीह के ग्रामीणों ने सांसद की पूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जनता का हितेषी एकमात्र हमारे धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ही है जो छोटी से छोटी समस्या को भी अपना समझ कर निराकरण करने का काम करते है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरविंद दुबे , भाजपा नेता बबलू चौबे, अविनाश पाठक, राखोहरी तिवारी ,रामजीवन तिवारी, गोपाल चन्द्र तिवारी,राजा राम गोप, बलराम गोप, नारायण गोप, गुरुपद गोप, संजय गोप आदि मौजूद उपस्थित थे।

## गवर्नर अप्रिशिएसन अवार्ड से रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष पूजा बैद को सम्मानित किया गया

चास ।

रोटरी मंडल 3250 के सत्र 23-24 के रोटरी गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने संपूर्ण मंडल के सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर मंडल के क्लब और रोटरी सदस्यों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया रविवार को जमशेदपुर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिष्ठापरक गवर्नर अप्रिशिएसन का अवार्ड चास की अध्यक्ष पूजा बैद को मिला ।
इसके साथ ही क्लब को विभिन्न




श्रेणियां में कुल छह पुरस्कार मिले। अध्यक्ष पूजा बैद ने अपने साथी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों के साथ तालिया की घोष के मध्य इन पुरस्कारों और सम्मान को ग्रहण किया।
गौरतलब है कि मंडल 3250 की विभिन्न रोटरी क्लबों को विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों को पूर्ण करने पर सत्र के अंत में उनके सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें सम्मानित किया जाता है।
रोटरी मंडल 3250 के सत्र 3250 के गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने मानवीय सेवा कार्यों के लिए रोटरी क्लब चास की भूरि भूरि प्रशंसा की।
इस अवसर पर चास रोटरी क्लब के अध्यक्ष पूजा बैद, सचिव डिंपल कौर, कोषाध्यक्ष बिनोद चोपड़ा, सहित नरेंद्र सिंह, मुकेश अग्रवाल, मंजीत सिंह,रितु अग्रवाल,माधुरी सिंह,संजय बैद आदि आदि उपस्थित थे।

## पेपर लीक के मुद्दे पर राहुल गांधी आक्रामक है और कांग्रेस इस लड़ाई को काफी गंभीरता से ले रही है



**किशनगंज।** भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस की छात्र इकाई ने NEET और UGC NET घोटाले के मुद्दे पर बीजेपी के खिलाफ विरोध रैली रद्द नहीं की।पेपर लीक के मुद्दे पर राहुल गांधी आक्रामक है और कांग्रेस इस लड़ाई को काफी गंभीरता से ले रही है

## साइबर अपराध में शामिल 3 युवक धराये

संवाददाता।

**गिरिडीह।** ग्रामीण इलाकों में साइबर अपराध से जुड़े ग्रामीण युवकों की तादाद संभवतः बढ़ती हुई प्रतीत होती है।जिले के खासकर इन्हीं क्षेत्रों से युवा पकड़े जा रहे हैं।एक ओर जहां ये युवा नित साइबर ठगी के नए नए तरीकों का प्रयोग करते हैं।तो दूसरी ओर आधुनिकतम तकनीक से लैस पुलिस की पकड़ भी इनके गिरेबान तक पहुंच रहे हैं।जिला साइबर पुलिस को एक बार फिर इनकी धर पकड़ में सफलता मिली है। जिसमें गाण्डेय एवं सरिया थाना क्षेत्र से पुलिस



ने 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। साथ ही 5 मोबाइल, 6 सिम और 2 बाइक बी बरामद किया।
बता दें कि पुलिस अधीक्षक को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त मिली थी कि गिरिडीह के गाण्डेय एवं सरिया थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। जिसके बाद सूचना के आधार पर साइबर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी करते हुए 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम गोठ जमीर असारी (22) पिता ताबीर अंसारी, ग्राम दारबे थाना मधुपुर, जिला देवघर, बीनी गुप्ता (26) पिता चरण पंडित, ग्राम डुमरिया, थाना मारगोगुण्डा, जिला देवघर और उदय महल (20) पिता मनोज, मंडल ग्राम रकसकुट्टो, थाना गांडेय जिला गिरिडीह है।
गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ के दौरान बताया कि लोगों को व्हाट्सप्प पर एसबीआई योनो की लिंक भेजकर एवं एयरटेल पेमेंट ऐप के माध्यम से साइबर ठगी का काम करते हैं।

## अररिया और सिवान के बाद आज मोतिहारी में भी निर्माणधीन पुल भरभरा कर गिर गया

**किशनगंज।** बिहार में एक सप्ताह के अंदर यह तीसरा पुल है जो गिर गया है। यह घटना जिले के घोड़ासहन प्रखंड क्षेत्र के अमवा से चैनपुर के रास्ते में बन रहा यह पुल भरभरा कर गिर गया है। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुई है। बताया जाता है कि लगभग डेढ़ करोड़ के लागत से इस पुल को धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन के द्वारा पुल का निर्माण कराया जा रहा था,जो चालू होने के पहले ही गिर गया।जानकारों की मानें तो ऐसा क्यों होता है ? इस की वजह कुछ जानकारों ने इस तरह से अपना तर्क बताया कि काफी दिनों से डाक्टर, इंजिनियर बनने वालों में रिजर्वेशन कोटा से सरकारी अनुदान से पढाई करने वाले इंजिनियर का यह हश्र होरहा है और दूसरी वजह कमिशन खोरी बताया गया है। कमिशन खोरी के चक्कर में मेटिरयल और उचित अनुपात नहीं होना बताया गया है।



## सांसद डॉक्टर मोहम्मद जावेद आजाद के हस्ताक्षेप से हड़कत में आई बिजली विभाग

### विभिन्न स्थानों में ट्रान्सफर्मर बदलने का सिलसिला निरन्तर जारी है

किशनगंज।

खुशी के साथ आप सभी को कहना चाहता हूं कि सांसद की सख्ती से बिहार सरकार एवं बिजली विभाग हड़कत में आई है, कल से कुछ प्रखंडों में बिजली की व्यवस्था सुधरी है तथा सांसद के द्वारा कई गांवों में नई ट्रांसफार्मर लगवाई गई है। उसी क्रम में आज बहादुरगंज विधानसभा के लोहागारा मार्केट




का नया ट्रांसफार्मर लोहागारा पहुंच चुका है यथाशीघ्र सभी उपभोक्ताओं को बिजली बहाल कर दी जाएगी। हम अवाम का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं आपने जिस आशा विशवास के साथ दौबारा सांसद डॉक्टर मोहम्मद जावेद आजाद को सेवा करने का मौका दिया यकिन रखिए वह उसी अपनेपन के साथ आपके लिए भविष्य में भी हमेशा खड़े रहेंगे। उक्त बातें युथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सरफराज खान रिंकु ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा। सरफराज खान रिंकु ने किशनगंज लोक सभा क्षेत्र के सभी आदरणीय मतदाओं को दिल की गहराईयों से धन्यवाद ज्ञापन किया है।इस मौके पर किशनगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष इमाम अली चिन्दु,युवा नेता कांग्रेस सरफराज खान रिंकु एंव अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा युवा नेता ने ट्रेनों के ठहराव को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**निरसा।** भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने आसनसोल रेल मंडल के कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव को लेकर रविवार से हस्ताक्षर अभियान चलाया। कुमारधुबी स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेन धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, बनांचल एक्सप्रेस, मुंबई एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, रांची गोड्डा एक्सप्रेस की ठहराव की मांग की है। उन्होंने कहा कि आसनसोल रेल मंडल ने कुमारधुबी स्टेशन के साथ हमेशा से सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है। कहा कि एक किमी की दूरी पर बराकर स्टेशन पर प्रायः सभी ट्रेनों का ठहराव है लेकिन कुमारधुबी स्टेशन इन सुविधाओं से संचित है। अब नवनिर्वाचित सांसद पर निरसा क्षेत्र के लोगों को आश जगी है। कहा कि हस्ताक्षर युक्त आवेदन नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो को सौंपा जाएगा।

न्यूज़ अपडेट

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया श्यामा प्रसाद का बलिदान दिवस

**गोड्डा ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया, सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया और धूप जलाया गया कार्यक्रम का नेतृत्व जिला के महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने किया उन्होंने सभी का अभिवादन करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा को बलिदान दिवस के अवसर पर अपना उद्बोधन देने का आग्रह किया उन्होंने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने कहा था एक देश में दो विधान दो प्रधान दो निशान नहीं चलेगा और आज भारतीय जनता पार्टी ने वह चरितार्थ करके दिखाया नरेंद्र मोदी जी के अगुवाई में कश्मीर से 370 की धारा भी हट गई और जम्मू कश्मीर आज भारत का अभिन्न अंग है ,बहुत जल्द जम्मू कश्मीर में विधानसभा का चुनाव भी होने जा रहा है, और धन्यवाद ज्ञापन किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन झा ने किया और इस अवसर पर नगर के महामंत्री प्रेमजीत शाह,नगर संयोजक प्रितम गाडिया,पप्पू शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष,गप्पू सिंहा,श्याम सुन्दर साह,सुनील यादव,राजेश भगत और अन्य लोग उपस्थित रहे।

खेल शिक्षक, रेफरी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी रहे उपस्थित।

## 30 जून हूल दिवस के अवसर पर संथाली क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**पाकुड़।** संथाल लाहन्ति बाईसी सह छात्र समन्वय समिति दुमका संथाल परगना द्वारा 30 जून दिवस के अवसर पर संथाली क्विज प्रतियोगिता का आयोजन केकेएम कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें आदिवासी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा इसकी परिणाम 7 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। प्रथमज़ द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 3000, 2000 एवं 1000 रुपया देकर एसपी कॉलेज दुमका में सम्मानित किया जाएगा। संथाली क्विज प्रतियोगिता में हूल दिवस समारोह संबंधित के साथ-साथ जेएसएससी, जीपीएससी एवं एसएससी इत्यादि संबंधित प्रश्न की जाएगी। जिसमें साफ प्रतीत होता है कि संथाल लहंती वैइसी सा छात्र समन्वय समिति द्वारा संचालित क्विज प्रतियोगिता से गरीब घरों के आदिवासी छात्राओं का आत्मविश्वास एवं मनोबल को बढ़ावा देते हैं। हमलोगों ने आदिवासी गरीबी छात्रों की स्थिति और नतीजा को देखकर छात्र समन्वय समिति ने ठोस निर्णय लिया कि आदिवासियों का प्रत्येक दिवस समारोह में संथाली क्विज प्रतियोगिता किया जाएगा। इसकी जानकारी छात्र नेता कमल मुर्मू ने दी। क्विज प्रतियोगिता प्रशिक्षक वरिष्ठ छात्र नायक जयसन सोरेन, उपछात्र नायक जीवन बास्की, छात्रानायिका सुशीला हांसदा, निकिता हांसदा, नवीन हांसदा, ने शान्ती पूर्ण तरीके से समापन किया।

## पाकुड़ में विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ




**पाकुड़।** जिला स्तरीय स्टेडियम बैंक कॉलोनी पाकुड़ में जिला प्रशासन एवम पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ व खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान से पाकुड़ खेल महोत्सव 2024 का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में पहले दिन टॉर्च रिले, फुटबॉल, पिट्ठू म्यूजिकल चेयर, आदि खेलों किया गया। यूके प्रतियोगिता के विभिन्न स्पर्धा में जिले के विभिन्न प्रखंडों से एवं पंचायत के लगभग 350 प्रतिभागी बालक बालिका खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला खेलकूद पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी ने शुभारंभ किया। शुभारंभ के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बताया गया कि पाकुड़ जिले में विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष बड़े ही धूमधाम से खेल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। आयोजित प्रतियोगिता में खेल विभाग द्वारा संचालित डे बोर्डिंग एवं पाकुड़ स्पोर्ट्स अकैडमी के प्रशिक्षु खिलाड़ी तथा स्कूल के बच्चे भाग लिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रणवीर सिंह, जिला खेल समन्वयक ललित कुमार झा, जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव पंकज अग्रवाल, प्रवीण कुमार सिंह, अक्षय बाउरी, मनीष कुमार, एतवा तिग्गा, नारायण चंद्र रॉय, प्रोनिति रानी दास, मृणाल चौरसिया, श्यामल सोरेन, प्रवीण कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण कार्य में अनियमीतता को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**संवाददाता/ जामताड़ा।**

करमाटांड़ स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण में बरती जा रही है घोर अनियमीतता । जिसको लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन। कहां उच्च स्तरीय जांच के बाद ही निर्माण कार्य चालू किए जाएंगे। विभागीय उदासीनता के कारण संवेदक करवा रहे हैं मनमानी तरीके से घटिया निर्माण कार्य। जामताड़ा जिला परिषद द्वारा हेठ करमाटांड़ गांव में 55 लाख की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण कार्य में कई में कई पहलुवों पर गड़बड़ियाँ की जा रही है। निर्माण कार्य में कई जगहों पर घटिया लोकल ईट (बंगला ईटा) का प्रयोग करना,तीसरे नंबर का घटिया पेवर ईट का प्रयोग करना,घटिया गिट्टी का प्रयोग करना, जमीन सोल्डिग में भी लोकल ईट का प्रयोग किया जा रहा है।इसके अलावा गुणवत्ता में भी कमी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नींब की खुदाई में भी संवेदक घटिया निर्माण कर भवन को खड़ा किया गया है।वहीं शौचालय सेफ्टी टैंक बनाने में घटिया लोकल



ईट का प्रयोग किया गया। घटिया तरीके से बनाए जा रहे स्वास्थ्य उप केंद्र को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए उच्च स्तरीय विभागीय जांच करवाने की मांग की।मौके पर राजेश कुमार मंडल, उमेश मंडल, भोला कुमार मंडल, कामदेव मंडल, रंजीत कुमार मंडल उर्फ पिंटू, महेंद्र मंडल, मनोज मंडल, घनश्याम मंडल,राजू मंडल, विकास मंडल, विजय मंडल, दिवाकर मंडल, सचिन मंडल, दीनानाथ मंडल, विद्युत मंडल, बजरंगी मंडल,रोहित मंडल समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

जिला परिषद उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी ने कहा मेरे कार्यक्षेत्र में इस तरह के मनमानी रवैया कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे। संवेदक एवं विभाग नियम को तक में रखकर मनमानी रवि है अपना रहे हैं। सर्वप्रथम विभाग प्रोटोकॉल को तक में रखकर शिलान्यास के सिलपट में जिला परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का नाम अंकित नहीं किया है और ना ही शिलान्यास के दौरान उन्हें सूचित भी किया गया जो न्याय संगत नहीं है। इसके अलावा यदि संवेदक घटिया निर्माण कार्य करवा रहे हैं तो उच्च स्तरीय जांच की जाएगी। और संबंधित पदाधिकारी पर भी कार्रवाई की जाएगी।

कनीय अभियंता विजय रवानी ने कहा संवेदक मनमानी तरीके से कार्य कर रहे हैं। बहुत ही जल्दी विभागीय जांच की जाएगी। इसकी सूचना कार्यपालक अभियंता को दे दी गई है। साथ ही कहा कि इसका क्वालिटी जांच भी किया जाएगा।

» क्या कहते हैं ग्रामीण

राजेश कुमार मंडल ने बताया कि प्राक्कलन के अनुसार संवेदक निर्माण कार्य नहीं करवा रहे हैं।संवेदक घटिया तरीके से निर्माण कार्य करवा रहे हैं।

भोला कुमार मंडल ने कहा स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण कार्य के दौरान कणीय अभियंता की उपस्थिति कभी भी नहीं देखी गई है। कब आते हैं पता भी नहीं चलता है।जबकि ढलाई के दिन उसकी उपस्थिति अनिवार्य है।

राजकुमार मंडल (उप मुखिया) ने कहा गलत तरीके से कर रहे कार्य को कई बार सुधार करने को कहा गया। लेकिन निर्माण कार्य में तनिक भी सुधार नहीं किया गया।

रंजीत कुमार मंडल उर्फ पिंटू ने कहा संवेदक निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री के साथ-साथ गुणवत्ता में भी खराबी की है। इसके साथ ही शौचालय के सेफ्टी टेंक घटिया निर्माण कार्य किया है। इसकी अच्छी तरह से जांच के बाद ही निर्माण कार्य चालू किया जाएगा।

## लैम्पसों में धान बीज नहीं पहुंचने से किसानों को दुकानों से खरीदना पड़ रहा महंगा बीज

**संवाददाता।**

**ईचागढ़ ।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड क्षेत्र में किसानों को लैम्पसों में धान का बीज नहीं मिलने से किसानों को बाजार से महंगी दामों में धान बीज खरीदना पड़ रहा है। दरअसल अब तक लैम्पसों में सरकारी स्तर पर मिलने वाले धान के बीज नहीं पहुंचे हैं। इसके कारण किसानों को परेशानी होने लगी है। क्षेत्र के किसान खरीफ के मौसम में मुख्यतः धान की खेती करते हैं । इस क्षेत्र के किसान धान की खेती के लिए पूरी तरह से मानसून पर ही निर्भर रहते हैं । मानसून आने को है और लैम्पस में धान के बीज अब तक नहीं पहुंचे हैं। किसान रोज लैम्पस के चक्कर काट रहे हैं। धान के बीज नहीं पहुंचने पर किसान मायूस होकर घर लौट रहे हैं। ऐसे में किसानों को बाजार से महंगी दर पर बीज




खरीदने पड़ रहे हैं। बाजारों के बीज भंडारों में किसानों को धान बीज खरीदते देखा जा सकता है। मानसून से पहले अगर किसान धान बीज खेतों में नहीं डालते हैं,तो बर्षा पर निर्भर किसानों का समय पर रोपनी नहीं होगा , जिससे लैम्पस में धान बीज नहीं मिलने से किसान मायूस है ।सितु लैम्पस के लेखापाल भोलानाथ दास ने बताया कि धान बीज क्रय करने के लिए लैम्पस के माध्यम से ड्राफ्ट जमा कर दिया गया है. अभी तक धान का बीज नहीं मिलने से किसानों को बहुत दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि किसान प्रतिदिन लैम्पस कार्यालय आकर जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि लैम्पस में उचित मुल्य पर मिलने वाले धान बीज का ड्राफ्ट जमा किया गया है। उन्होंने कहा कि तत्काल 120 बोरा मंगाया जा रहा है। सप्ताह दस दिन में किसानों को धान उपलब्ध कराया जाएगा।

वहीं किसान अघोर प्रसाद महतो ने बताया कि अभी तक लैम्पस में धान बीज नहीं आया है। उन्होंने कहा कि किसानों का खेत तैयार है, जिससे सौ रूपये में 4 सौ रुपए धान का उन्नत बीज दुकानों से खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मानसुन शुरू होने से खेतों में बीज डालना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग को समय पर धान,खाद उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द से जल्द हम किसानों को धान बीज उपलब्ध कराए , जिससे समय पर खेतों में बीज डाला जा सके। धान बीज के लिए रोज लैम्पस का चक्कर लगाना पढ़ रहा है।

## NEET का रिजल्ट रद्द करने से कांग्रेस कमिटी गोड्डा के द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

**गोड्डा।**

जिला कांग्रेस कमेटी गोड्डा के उपाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन का आयोजन कारगिल चौक गोड्डा में किया गया राजीव मिश्रा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा जैसा कि आप जानते हैं कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा NEET-UG 2024 का परिणाम 04 जून 2024 को जारी किया गया था। NEET-UG 2024 परीक्षा में अनियमितताएं गंभीर चिंता का विषय हैं। कार्यप्रणाली का खुलासा किए बिना ग्रेस अंक देने से परीक्षा परिणामों में अनियमितताओं के बारे में गंभीर संदेह पैदा हुए हैं। कुछ परीक्षा केंद्रों में तकनीकी गड़बड़ियों और कदाचार के स्पष्ट सबूत सामने आए हैं।जो छात्रों के साथ खिलवाड़ किया गया है NTA को जांच के दायरे में ले और वर्तमान केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए .वहीं यूथ प्रदेश सचिव विकास सिंह ने कहा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस कानूनी कार्रवाई हेतु केंद्र की एनडीए सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता है जिस तरह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है यह गंभीर विषय है हम सभी को इस पर विचार करना चाहिए और तत्काल केंद्रीय मंत्री केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा दे देना चाहिए विकास ने कहा हम सभी इंडिया गठबंधन के के तमाम घटक डालचरण व तरीके से आंदोलन हर राज्य में करेंगे और दिल्ली तक युवा और छात्रों का आवाज पहुंचने का काम करेंगे मौके पर उपस्थित राकेश रौशन ने कहा NTA बहुत तरह का एग्जाम कंडक्ट करती है यह तो सिर्फ एक एग्जाम की धांधली सामने आई है इतना हंगामा के बावजूद ल्लीइयूजी नीट स्त्रॅ यूजीसी नेट सीएसआईआर नेट का पेपर लीक हो गया यह गंभीर विषय है इस पर तुरंत प्रधानमंत्री को सोचना चाहिए और तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा लेकर NTA को जांच के दायरे में लाकर कड़ी से कड़ी करवानी कार्रवाई करनी चाहिए .

मौके पर उपस्थित अकबर अली, शिशिर कुमार झा ,सुशीला देवी, मोहम्मद मुस्तफा ,मनीष कुमार सिकदर ,दीपक कुमार, अजय कुमार, अमित मंडल, मृत्युंजय कुमार रोहित कुमार यादव ,दीपक कुमार नवल कुमार शाह, ललित कुमार मंडल, विकास कुमार , शुभम कुमार, मनीष कुमार दास ,राहुल कुमार, सौरभ कुमार, अभय जायसवाल, विनय ठाकुर, एवं सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे .

## विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2024 में प्रत्येक सोमवारी को जगह-जगह शिविर लगाकर डाक बंमो का सेवा किया जाऐगा: पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव

**भागलपुर (बिहार)।**

दुनिया का सबसे लंबा धार्मिक मेला भगवान शिव का परंपरिया सावन का पवित्र महीना में ज्योतिर्लिंग राजेश्वरी महादेव पर गंगाजल के अभिषेक करने की शक्तियां पुरानी परंपरा चली आ रही है। पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि सावन के अवधि के दौरान लाखों श्रद्धालु बाबा बैजनाथ मंदिर में इकट्ठा होते हैं। उनमें से ज्यादातर लोग सबसे पहले सुल्तानगंज आते हैं। 105 किलोमीटर की दूरी तय कर देवघर बाबा के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। संरक्षक भविष्य यादव ने कहा कि बस चंद दिन और 22 जुलाई से शुरू हो रहा है विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला। 2024 श्रावणी मेला प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार अधिक भक्ति भाव देखा जाएगा। महामंत्री देवाशीष बनर्जी कहते हैं सुल्तानगंज उत्तर वाहिनी गंगा तट पर श्रावणी मेला के समय



का नजारा देखने लायक होता है। पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव कहते हैं श्रवण मेला जिसे श्रावण मास मेले के रूप में भी जाना जाता है हिंदू धर्म में श्रवण जुलाई अगस्त के महीने में होने वाला एक महत्वपूर्ण धार्मिक समागम या मिला है श्रावण मास को विशेष रूप से भगवान शिव के भक्तों के लिए शुभ माना जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सावन के प्रत्येक सोमवारी को समिति अध्यक्ष पप्पू यादव खुद अपने टीम के साथ जाकर जगह-जगह शिविर लगाकर फल फ्रूट शरबत नींबू पानी के साथ-साथ अन्य चीजों का भी वितरण इस बार सावन में सोमवारी को डाक बंमो का सेवा इनके द्वारा किया जाऐगा । मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव, संरक्षक भावेश यादव, महामंत्री देवाशीष बनर्जी, मोहम्मद सिकंदर, कलीम, जियाउर रहमान, लकी राज, समाजसेवी नीतू देवी सभी मौजूद रहते हैं।

# मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु डीआरडीए स्थित सभागार में जिला पदाधिकारी किया गया निरक्षण

**संवाददाता।**

**गोड्डा।** डीआरडीए स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त महोदया ,गोड्डा , श्रीमती स्मिता टोप्पो की अध्यक्षता में मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु जागरूकता अभियान आयोजित करने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के बीच एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया




उक्त कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त महोदया, गोड्डा श्रीमती स्मिता टोप्पो के द्वारा सम्बंधित पदाधिकारियों एवं सम्बंधित गैर सरकारी संस्था के सदस्यों से विस्तृत चर्चा करते हुए कहा गया कि मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु जागरूकता लाने में सभी की सहभागिता अति आवश्यक है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चला कर लोगों विशेष कर युवाओं को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराना होगा, ताकि एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण हो सके।साथ ही उप विकास आयुक्त महोदया ,गोड्डा द्वारा कहा गया कि सभी प्रखंडो, पंचायतों एवं आँगनबाड़ी केंद्रों पर भी नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा श्री बैद्यनाथ उरांव के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि मानव श्रृंखला / साईकिल रैली/चौपाल/नुक्कड़ नाटक/ मैराथन के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूक किया जाएं ,साथ ही साथ ड्रग से हो रहे नुकसान और ×कानून में दंड के प्रावधान से अवगत कराए, ताकि युवाओं में नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता आए।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,गोड्डा श्री जेपीएन चौधरी मादक पदार्थ के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में प्रकाश डाला गया।साथ ही साथ उन्होंने बताया कि आने वाली यूवा पीढी इससे दुष्प्रभावित हो रही है

मादक पदार्थों के सेवन से लोग तरह की घटनाएं कर बैठते हैं। जिसमें सुधार की जरूरत है ताकि युवा पीढ़ी को बचाया जा सके।

उक्त कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के डीपीएम के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि स्वयं सहायता समूह के साथ में नशीले पदार्थ तथा मादक द्रव्य के सेवन/ दुरूपयोग तथा इनके लत से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,गोड्डा के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वैसे इलाके के बच्चे जो इस मादक पदार्थों के कुचक्र में पड़ गए है, वहां पर चौपाल, साईकिल रैली, मानव श्रृंखला आदि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन बाल संरक्षण पदाधिकारी श्री रितेश कुमार के द्वारा किया गया

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा श्री बैद्यनाथ उरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा श्री जेपीएन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा श्रीमती कंचन कुमारी भुदोलिया, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## हजारीबाग ओलंपिक संघ के द्वारा खेलो का शुभारंभ

**हजारीबाग।** जहाँ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न खेल का आयोजन हजारीबाग की पावन धरती पर आयोजित किया जा रहा है। इसी बीच ओलंपिक दिवस के अवसर पर हजारीबाग ओलंपिक संघ के द्वारा तीन दिवसीय कई खेलों का आयोजन किया गया है। जो रविवार को विधिवत रूप से शुरू किया गया। खेलों में फुटबॉल, वॉलीबॉल,बास्केटबाल, एथलेटिक एवं हैंडबॉल शामिल है। डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बास्केटबॉल एवं कंचन ग्राउंड में फुटबॉल मैच का उद्घाटन युवा समाज सेवी सह हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा के द्वारा किया गया। इसके उपरांत हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों से रूबरू हुए,फुटबॉल की किक मारकर वही वॉलीबॉल किक खिलाड़ियों का हौसला बढाया।



मौके पर हजारीबाग ओलंपिक संघ के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी अनवर अहमद, सी एस दास,अजीत दास, मन्नान सर,रविंद्र कुमार,प्रहलाद सिंह,स्वीमिंग एसोसिएशन,हजारीबाग एथलेटिक संघ फुटबॉल के सचिव भैया मुरारी कार्यकारी अध्यक्ष नजरुल हसन बहादुर राम सरफराज अहमद धनेश्वर गोप रेफरी में परमेश्वर को उमेश कुमार राजेंद्र कुमार सफी उल्लाह खान गुड्डू दिलीप राम खेल प्रशिक्षक सुशीला कुमारी प्रहलाद सिंह रविंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूदथे।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com